

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 17 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-080 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# क्रैश के बाद 5 दिन में दूसरी अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट कैंसिल

## उड़ान से ठीक पहले एयर इंडिया के विमान में तकनीकी खामी का पता चला

**कोलकाता,17 जून।** अहमदाबाद में मंगलवार को प्लेन क्रैश की घटना के बाद 5 दिन में अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की लगातार दूसरी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इसके पीछे तकनीकी खामी को वजह बताया गया है इससे पहले सोमवार को डिले होने के बाद रद्द किया गया था। आज फ्लाइट संख्या एआई-159 अहमदाबाद से दोपहर 1:10 बजे लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट के टेकऑफ से कुछ घंटे पहले ही इस तकनीकी खराबी का पता चला। आज की फ्लाइट कल रिशेड्यूल की जाएगी। इसके चलते यात्री परेशान हो रहे हैं। एक यात्री ने कहा, 'इस तरह से जनता को परेशान मत करो। यहां आने के



बाद आप बताते हैं कि फ्लाइट रद्द कर दी गई है। अब 250 लोग क्या करेंगे? कहां रहेंगे। एयरलाइंस की तरफ से कोई उचित व्यवस्था नहीं है।' प्लेन क्रैश के बाद एअर इंडिया ने अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट का नंबर बदलने का फैसला किया है। अब यह एआई-159 होगा। वापसी की उड़ान का भी नंबर बदलकर एआई-160 किया जाएगा। पहले इस फ्लाइट का नंबर एआई-171 था।इससे पहले 2014 में किसी एयरलाइन ने अपनी उड़ान संख्या बदली थी। मलेशियन एयरलाइंस की कुआलालंपुर से बीजिंग जा रही उड़ान एमएच-370 के लापता हो जाने के बाद, उस रूट की फ्लाइट संख्या को बदलकर एमएच318 कर दिया गया था। सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते यात्रियों को मंगलवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्लेन से उतारना पड़ा। फ्लाइट नंबर एआई-180 कोलकाता होते हुए मुंबई जा रही थी। बोइंग 777-200एलआर (वर्ल्डलाइनर) विमान 17 जून को रात 12:45 बजे समय पर कोलकाता पहुंचा था। इसे मुंबई के लिए रात 2:00 बजे रवाना होना था। विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण टेकऑफ में देरी हुई। इसके बाद सुबह करीब 5:20 बजे कैप्टन ने यात्रियों से कहा गया कि वे प्लेन से नीचे उतर जाएं।

### इंडिगो विमान की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में मंगलवार को बम की धमकी से हड़कंप मच गया. सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान की जांच की गई. आज सुबह 9:20 बजे कोच्चि से दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट संख्या 6E 2706 में बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे नागपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया. तय प्रोटोकॉल के तहत तुरंत आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें यह पुष्टि हुई कि धमकी गंभीर थी क्योंकि उसमें फ्लाइट का नंबर तक स्पष्ट तौर पर दिया गया था. उस समय तक फ्लाइट कोच्चि से उड़ान भर चुकी थी, जिसे सुरक्षा कारणों से नागपुर एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया गया. फिलहाल विमान और यात्रियों की जांच जारी है.

## संक्षेप

### विधानसभा का मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक

**रायपुर,17जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 से 18 जुलाई तक रहेगा। सत्र में छह बैठकें होंगी, जिनमे शासकीय कार्य निपटाए जाएँगे। चार दिन प्रश्नकाल भी रहेगा। आगामी मानसून सत्र प्रदेश की षष्ठम विधानसभा का मौजूदा सरकार के दौरान छठवां सत्र होगा। विधानसभा सचिवालय से इस आशय की सूचना जारी कर दी गई है। मानसून सत्र भी बरौंदा स्थित विधानसभा भवन में होगा। पिछले एक साल से जो प्लानिंग चल रही है, उसके अनुसार मौजूदा विधानसभा भवन में यह




आख़िरी सत्र होना चाहिए। क्योंकि सरकार चाहती है कि इसी साल दिसम्बर में हीने वाला शीत सत्र नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में हो। इसके लिए स्पीकर डॉ रमन सिंह निर्माण विभागों के साथ कई बैठकें कर चुके हैं। सीएम विष्णुदेव साय ने भी स्पीकर के साथ निर्माण की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की थी। सभी तैयारी में हैं कि शीत सत्र नए भवन में हो, लेकिन बिल्डिंग की अद्यतन स्थिति से ऐसा बिल्कुल भी नहीं लग रहा है कि काम अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। बिल्डिंग में अभी सिविल वर्क ही बाकी नज़र आ रहा है। सिविल वर्क पूरा होने के बाद विशालकाय फिनिशिंग वर्क चलेगा। इसमें काफ़ी समय लगने की संभावना है।

### इंजेक्शन लगाने के आधे घंटे बाद नवजात की मौत

**कवर्धा,17 जून।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिला अस्पताल में टीकाकरण के कुछ ही घंटों बाद तीन दिन के नवजात की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। प्रशासन और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, पंडरिया का रहने वाला आशीष निर्मलकर अपनी पत्नी को बच्चे की डिलीवरी के लिए शुक्रवार को कवर्धा जिला अस्पताल लाया था। बताया जा रहा है कि, महिला की शादी के सात साल हो चुके थे। इसके बाद ये उनकी पहली संतान थी। डॉक्टरों ने महिला को अस्पताल में भर्ती किया। अगले दिन शुक्रवार को दिनभर बीतने के बाद दोपहर में डॉक्टरों ने आशीष से कहा, उसकी पत्नी को बच्चा नॉर्मल नहीं होगा। ऑपरेशन करना होगा। डॉक्टरों के कहने पर आशीष और उसके घरवाले ऑपरेशन से बच्चे की डिलीवरी के लिए तैयार हो गए। शनिवार दोपहर 3 बजकर 9 मिनट पर आशीष की पत्नी ने ऑपरेशन से एक बच्चे को जन्म दिया। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ थे। रविवार बीतने के बाद सोमवार की सुबह अस्पताल परिसर में ही बच्चे का नियमित टीकाकरण किया गया। वैक्सीन लगते ही नवजात बच्चा बेहोश हो गया और उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

# फिल्म 'ठग लाइफ' कर्नाटक में रिलीज होनी चाहिए:सुको

**नई दिल्ली,17 जून।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भीड़ को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती, फिल्म 'ठग लाइफ' कर्नाटक में रिलीज होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में 'ठग लाइफ' की रिलीज के संबंध में कहा कि कानून कहता है कि सीबीएफसी ने जिस फिल्म को मंजूरी दे दी है, उसे प्रत्येक राज्य में रिलीज करना होगा। लोगों को भयभीत करने तथा सिनेमाघरों को जलाने की धमकी की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कर्नाटक उच्च न्यायालय को कमल हासन के बयान को लेकर उनसे माफी मांगने को नहीं कहना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को राज्य में फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज के बारे में अवगत कराने के लिए एक दिन का समय दिया, कहा कि कानून का शासन स्थापित होना चाहिए। अगर अभिनेता कमल हासन ने कुछ कहा है तो लोगों पर उस पर बहस करने दीजिए लेकिन फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने से



नहीं रोका जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के निर्माता द्वारा दायर याचिका को कर्नाटक उच्च न्यायालय से अपने पास स्थानांतरित कर लिया और राज्य सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा। इसने उच्च न्यायालय की भूमिका पर सवाल उठाए, खासकर इस सुझाव पर कि अभिनेता को मुद्दे को सुलझाने के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए। जब एक व्यक्ति बयान देता है और सभी इसमें शामिल हो जाते हैं तो सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। उच्च न्यायालय को 'माफ़ी मांगो' क्यों कहना चाहिए? यह उसकी भूमिका नहीं है। इसने इस बात पर जोर दिया कि एक बार जब कोई फिल्म केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी ले लेती है, तो उसे रिलीज होने दिया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि लोग इसे न देखने का विकल्प चुन सकते हैं। लेकिन हम यह तय करने के लिए धमकियों और धमकाने की अनुमति नहीं दे सकते कि कोई फिल्म रिलीज होगी या नहीं।" अदालत ने इस तर्क का समर्थन करने के लिए पिछले निर्णयों का हवाला दिया, जिसमें एमआई नाथूराम बोलतोय नाटक मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला और इमरान प्रतापगढ़ी का फैसला शामिल है कि लोकतंत्र में अलग-अलग विचारों की अनुमति होनी चाहिए।

# कांग्रेस का 'खटाखट' मॉडल देश के विकास के लिए बड़ी चुनौती : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली,17 जून।** बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने जनगणना कराने का फैसला किया है. प्रेस रिलीज में साफ कहा गया कि जनगणना के साथ-साथ आजाद भारत के इतिहास में पहली बार सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण और जातिगत जनगणना भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके पीछे हमारा उद्देश्य सभी जातियों की पहचान, सभी जातियों का सम्मान और अंतिम छोर पर खड़ी जातियों का उत्थान है। लेकिन इंडी गठबंधन और कांग्रेस केवल अपने परिवार के उत्थान के बारे में ही सोचते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारी सोच और उनकी सोच में बुनियादी फर्क है। हम सभी जातियों की पहचान, सम्मान और उत्थान के लिए समर्पित हैं...जाति जनगणना की अधिसूचना केंद्र द्वारा की जाती है। राज्य जाति जनगणना नहीं कर सकता। इसलिए, वे जो राज्य की अधिसूचना दिखा रहे हैं, उससे केवल सर्वेक्षण हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां कांग्रेस सत्ता में आती है, उनका 'खटा खट' मॉडल देश के विकास के लिए बड़ी चुनौती बन रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को हाल ही में सैटेलाइट फिल्मों में दिखाए जाने के बाद भी पाकिस्तान के एयरबेसों की तबाही नजर नहीं आई। उन्हें सीएए के नोटिफिकेशन में उत्पीड़न शब्द नजर नहीं आया था। इसी दृष्टिदोष के चलते कांग्रेस को इस बार भी चीजें नजर नहीं आईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कैबिनेट ने भारत की जनगणना कराने का निर्णय लिया, और इसके बाद जो भी प्रेस रिलीज जारी हुई, उसमें स्पष्ट रुप से कहा गया कि जनगणना के साथ सामाजिक, आर्थिक मूल्यांकन होगा।



# ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारतीय छात्रों को तेहरान से निकाला गया

**तेहरान,17 जून।** ईरान में बिगड़ते हालात के मद्देनजर भारत ने तेहरान में रहने वाले भारतीय छात्रों को सुरक्षा कारणों से शहर से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है। हम आपको बता दें कि यह व्यवस्था भारतीय दूतावास द्वारा की गई है। इसके अलावा भारत ने अन्य भारतीयों से अनुरोध किया है कि यदि वह अपने वाहनों से तेहरान से बाहर निकलने में सक्षम हैं तो उन्हें भी मौजूदा स्थिति को देखते हुए शहर छोड़ने की सलाह दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया की सीमा के रास्ते ईरान से बाहर निकलने के लिए भी सहायता प्रदान की गई है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि दूतावास लगातार भारतीय समुदाय के संपर्क में है, ताकि सभी संभव सहायता प्रदान की जा सके। बयान में कहा गया है कि स्थिति की अनिश्चितता को देखते हुए आगे भी सलाहें जारी की जा सकती हैं। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि ईरान में सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे तुरंत भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें, क्योंकि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज हो गया है। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को भी सलाह दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। तेहरान में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें।

# इजरायली सेना की बड़ी कार्रवाई

**तेल अवीवा,17 जून।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को ईरान के सशस्त्र बलों के नवनियुक्त चीफ ऑफ स्टाफ और वरिष्ठ सैन्य कमांडरों में से एक अली शादमानी को भी मार गिराने का दावा किया है. इजरायली सुरक्षा बल ने दावा किया कि उसने पांच दिनों में दूसरी बार ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ को ढेर कर दिया है. शादमानी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के सबसे करीबी सैन्य सलाहकार थे.आईडीएफ ने शादमानी की मौत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इजरायली एयरफोर्स द्वारा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात तेहरान के सेंट्रल इलाके में किए गए हमलों में शादमानी मारा गया है. यह हमला आईडीएफ की खुफिया शाखा द्वारा प्राप्त सटीक जानकारी के आधार पर किया गया था. आईडीएफ के अनुसार, शादमानी ईरान की सशस्त्र सेनाओं के इमरजेंसी कमांड और खातम अल-अनबिया



मुख्यालय के कमांडर थे जो इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और ईरानी सेना दोनों का नेतृत्व करते थे. वह इजरायल के खिलाफ ईरान की युद्ध प्लान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे. 13 जून को इजरायली सुरक्षा बलों को ऑपरेशन राइजिंग लायन के शुरुआती हमले में पूर्ववर्ती मेजर जनरल गोलाम अली रशिद की मौत के बाद उन्हें ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्ति गया गया था. शादमानी का उन्मूलन ईरान की सैन्य कमान संरचना के लिए एक और गंभीर झटका है जो पहले से ही इजरायली हमलों से कमजोर हो चुकी है. इजरायल वॉर रूम ने ईरानी आर्मी ऑफ चीफ स्टाफ के मौत के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, तेहरान में रात भर चले हमले में, इजरायली लड़ाकू विमानों ने अली शादमानी को मार गिराया है जो ईरान के सशस्त्र बलों की इमरजेंसी कमान के प्रमुख और शासन में सबसे वरिष्ठ सैन्य व्यक्ति थे. इजरायली सैन्य कार्रवाई में अब तक ईरान के कई वरिष्ठ कमांडर मारे गए हैं, जिसमें मोहम्मद हसन बाकरी, सालेम अली रशीद, अली शाहमानी, मोहम्मद अली रजा तबातबाई, इस्माइल काउथारी, अली शद्राकी, हसन सुलैमी, दाऊद बकरी और दाऊद शिहायान शामिल है.

# प्लेन क्रैश होते ही हॉस्टल की बालकनी से कूदने लगे थे छात्र

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान 12 जून को क्रैश हो गया था. यह विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल की इमारत से टकराकर क्रैश हुआ था. इस विमान में 241 लोग सवार थे जिनमें से 240 की मौत हो गई थी. हॉस्टल की दीवार से टकराने की वजह से भी कई छात्र भी इस हादसे का शिकार हुए थे. अब इस घटना का एक नया वीडियो सामने आया है. एअर इंडिया के प्लेन क्रैश के बाद का एक नया वीडियो जिसमें आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि प्लेन क्रैश के बाद आसपास के हॉस्टल में रहने वाले छात्र किस तरह अपनी बचा रहे हैं. इस वीडियो में देखा जा सकता है की कि किस तरह से MBBS के स्टूडेंट्स दूसरी और तीसरी मंजिल से कपड़ा बांधकर नीचे उतरने की कोशिश कर रहे है. इन छात्रों को चादर के सहारे कूदते देखा जा सकता है. वीडियो में हॉस्टल के सामने आग लगी देखी जा सकती है और लोग डर की वजह से चीख रहे हैं. कुछ छात्रों को बेडशीट से रस्सियां बनाते देखा जा सकता है

# भूपेश बघेल चला रहे आरोप लगाने की दुकान:अजय चंद्राकर

**रायपुर,17 जून**

छत्तीसगढ़ में बांग्लादेशी और रोहिंगिया घुसपैठियों को लेकर सियासत तेज है. इस बीच भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि घुसपैठिया कांग्रेस का वोट बैंक है, ये देश बेच सकते हैं. देश में कांग्रेस शासनकाल में जनसांख्यिकी बिगड़ गई है. असम, पश्चिम बंगाल, नॉर्थईस्ट से यह देशभर में फैल रहे हैं. प्रशासन को बताना चाहिए दस्तावेज किसके शासनकाल में किसने बनाया है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि घुसपैठिए देश की बड़ी समस्या है. कांग्रेस के लिए घुसपैठिए वोट बैंक का विषय है. वहीं उन्होंने पीसीसी चीफ



दीपक बैज को पूर्व सीएम भूपेश बघेल का प्रवक्ता बताया है. उन्होंने कहा प्रदेश में भूपेश बघेल आरोप लगाने की एक मात्र दुकान चला रहे. दीपक बैज कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष नहीं है, वह भूपेश बघेल के प्रवक्ता के रूप में काम करते हैं. राज्यपाल के दौरे पर कांग्रेस द्वारा दिए बयान का विधायक अजय चंद्राकर ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि संविधान के किसी धारा में ऐसा नहीं लिखा है कि राज्यपाल को दौरा नहीं करना चाहिए. भूपेश बघेल से पूछ के काम नहीं करेंगे. भूपेश बघेल के लिए तो गांधी परिवार ही संवैधानिक है.

**बीजेपी विधायक दल की कल होगी बैठक**-विधायक चंद्राकर ने विधायक दल की बैठक को लेकर बताया कि कुशाभाऊ ठाकरे, भाजपा कार्यलय में कल विधायक दल की अहम बैठक होने वाली है. इसमें संकल्प से सिद्धि, 11 साल बेमिसाल और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की जाएगी. इसके अलावा विधायकों के रिपोर्ट कार्ड को लेकर भी चर्चा होगी. उन्होंने कहा कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन भी शामिल होंगे.

### जातिगत जनगणना पीएम का बहुत अच्छा कदम: साय

**रायपुर,17 जून।** जनगणना के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है. इस बार नागरिकों के जाति को भी दर्ज किया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत अच्छा कदम बताते हुए कहा कि कांग्रेस बहुत समय से केवल बात करते आई. सरकार में लंबे समय तक रहने के बाद भी जो काम कांग्रेस नहीं कर पाए. वह प्रधानमंत्री मोदी ने किया है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 15वें स्थापना दिवस की सभी को बधाई. कार्यक्रम में प्रदेशभर से बालगृह के बच्चे भी शामिल हुए. बाल आयोग द्वारा बाल अधिकार के क्षेत्र में सार्थक और रक्षक जैसे योजना शुभारंभ किया.

# छत्तीसगढ़ में रेत माफिया पर एक्शन,400 ट्रैक्टर रेत जब्त

बिलासपुर,17 जून। छत्तीसगढ़ में रेत माफिया की गुंडागर्दी की खबरों के बाद राज्य सरकार ने सख्ती दिखाई है। बिलासपुर, धमतरी में जिला प्रशासन की ओर से अवैध रेत खनन और भंडारण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। वहीं जांजगीर-चांपा में अवैध रेत उत्खनन रोकने टास्क फोर्स को एक्टिव किया गया है। बिलासपुर में एक ही दिन में प्रशासन की 70 टीम ने अलग-अलग 85 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान जेसीबी, पोकलेन, हाईवा और ट्रैक्टर समेत 52 गाड़ियां जब्त की गई। साथ ही अवैध रेत भंडारण जब्त कर कई केस भी दर्ज किए गए।

हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भी रेत माफियाओं और प्रशासन के बीच सांठगांठ के आरोप लगते रहे हैं। इसे लेकर राज्य सरकार ने सख्ती दिखाई है। जिसके बाद बिलासपुर में कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने रविवार को जिला खनिज टास्क फोर्स की आपात बैठक बुलाई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर FIR दर्ज की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्रवाई बेखौफ होकर की जाए। बिलासपुर में सोमवार सुबह एसडीएम, एसडीओपी, सीएसपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी और खनिज विभाग के अधिकारियों की 70 टीमों को रवाना किया गया। इस दौरान टीम में शामिल अफसर और 100 से अधिक पुलिस जवानों ने जिले के 85 जगहों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में 13 स्थानों पर डंप हजारों घनमीटर रेत जब्त की गई। इसके अलावा 3 पोकलेन, 2 जेसीबी, 13 हाइवा और 34 ट्रैक्टर सहित कुल 52 वाहन



पकड़े गए। 40 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिनके वाहन जब्त किए गए हैं, उनके खिलाफ जुर्माने की सूची तैयार की जा रही है। सोमवार को हुई कार्रवाई के दौरान टास्क फोर्स की टीम शहर के सिविल लाइन से सरकंडा, कोनी, कोटा, मस्तूरी, हिर्री, बिल्हा, पचपेड़ी और तखतपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों तक पहुंची। जहां, रेत घाटों पर हो रहे अवैध उत्खनन और परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान अवैध रेत भंडारण को जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि हजारों घनमीटर रेत जब्त किया गया है, जिसका आकलन किया जा रहा है। धमतरी जिले में भी रेत खदान और भंडारण स्थलों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। एसडीएम पीयूष तिवारी की टीम ने देर रात छापेमारी की। टीम में नायब तहसीलदार और पुलिस भी शामिल थी। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के आदेश के बाद 15 जून से रेत खदानें बंद हैं। इसके बावजूद रेत माफिया अवैध खनन कर रहे थे। प्रशासन ने 2 जगहों पर कार्रवाई की। लीलर गांव में करीब 200 ट्रैक्टर और भरारी गांव में भी 200 ट्रैक्टर रेत का अवैध भंडारण मिला।

# अग्निवीर भर्ती : 30 जून से 10 जुलाई तक होगी ऑनलाइन परीक्षा

**रायपुर,17 जून।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (CEE) की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा 30 जून 2025 से 04 जुलाई 2025 एवं 07 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के पांच परीक्षा केंद्रों – बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में प्रतिदिन तीन / चार शिफ्टों में यह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। सभी उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र 16 जून 2025 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ में निर्धारित परीक्षा केंद्र इस प्रकार हैंः बिलासपुर में चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड, लाल खदान और डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी, करगी रोड, कोटा; रायपुर में आईओएन डिजिटल जोन, सरोना; भिलाई (दुर्ग) में पर्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, सिर्सकला; दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बालोद रोड और जगदलपुर में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, धरमपुरा।

## दर्री तालाब के बाद अन्य तालाबों की भी साफ-सफाई की जाएगी:चंद्रप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 जून।** तालाबों का संरक्षण एवं संवर्धन की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में दसवें पड़ाव के तहत लगातार छठवें रविवार को भी दर्री तालाब में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मिलकर श्रमदान किया। आज प्रमुख रूप से सिनियर सिटीजन एवं तुलसी मानस मित्र मण्डली के सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाकर तालाब की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया। स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने के संकल्प के तहत तालाबों के सफाई के लिए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को शुभकामनाएं दी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व व सांसद संतोष पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन से पूरे कवर्धा को स्वच्छ व सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया गया है उन्होंने बताया कि दर्री तालाब की सफाई कार्य पूर्ण होने उपरांत अन्य तालाबों का भी श्रमदान से स्वच्छ बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से न केवल तालाब की साफ-सफाई हुई बल्कि पानी की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगा है तालाब अब स्वच्छ दिखने लगा है लगातार इस तरह के प्रयासों से शहर के पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और जल स्रोत सुरक्षित रहेंगे। आज सिनियर सिटिजन एवं तुलसी मानस मित्र मण्डली के सदस्यों ने एक साथ तालाब सफाई में अपना श्रमदान किया। जिसके लिए नगर पालिका की टीम आभारी है उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं और स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा ताकि उनमें जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े।

## स्कूली शिक्षा व्यवस्था के लिए सरकार गंभीर नहीं:देवेंद्र यादव



**भिलाई, 17 जून।** विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रदेश सरकार पर अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। भिलाईनगर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर कितना सजग और गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरी गर्मी की छुट्टी बीत गई लेकिन बड़े-बड़े वादे करने वाली ये सरकार जर्जर स्कूल भवनों का संधारण तो दूर रंग-रोगन तक नहीं करवा पायी। अधिकतर स्कूलों में शैक्षणिक साधन-संसाधन उपलब्ध नहीं है और बिना तैयारी के प्रारंभ हुई स्कूल का पहला दिन ही शिक्षकों का आंदोलन देखने को मिला और ऐसी स्थिति छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद पहली बार देखने को मिला है। परंपरा के अनुसार स्कूल का पहला दिन नौनिहालों के स्वागत के साथ प्रवेशोत्सव मनाया जाता रहा है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। पहले दिन शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे और सरकार के विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ विरोध जताया है। क्या ऐसी व्यवस्था से ही पढ़ाई की गुणवत्ता सुधरेगी। युक्तिकरण की वजह से प्रदेश के 10370 स्कूल हमेशा के लिए बंद हो गए हैं लेकिन उनके साथ मर्ज होने वाले स्कूलों में अब तक शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हो पाई है, पर्याप्त किताबें, स्टेशनरी या आवश्यक सामग्री की व्यवस्था नहीं हो पायी है। स्कूली सेटअप से किए गए छेड़छाड़ से शिक्षकों के 46000 पद समाप्त होने से शिक्षक संघ तो नाराज है ही, बीएडी, डीएड की डिप्लोमा करने वाले हजारों युवा भी नाराज है, रसोइया संघ और सफाई कर्मी भी आंदोलन की राह पर है। विधायक यादव ने कहा कि पिछली सरकार ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वामी आत्मानंद योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम के नए स्मार्ट स्कूल खोले परंतु इन दोनों ही योजनाओं का भटठा बैठा दिया गया।

## एक नजर

### खरीदार सहित वाहन चोर गिरफ्तार



**भिलाई, 17 जून।** पुलिस ने ऐसे एक वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो जो पलक झपकते ही किसी भी वाहन का लॉक तोड़ देता था। पुलिस ने दो चोरों के साथ दो खरीददारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 मोटर सायकिल जब्त किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि शातिर चोर थाना उतई पाटन के अलावा धमतरी तथा रायपुर जिला में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है उतई टीआई शिव चंद्रा ने बताया कि 16 जून को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में उतई क्षेत्र में घूम रहे हैं सूचना पर थाना उतई पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम ग्राम खोपली ईटा भट्ठा एवं उतई बाजार में जाकर दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की पूछताछ में अपना नाम अर्जुन कोसरे (20 साल ) निवासी ग्राम खपरी सिलौटी थाना भखारा जिला धमतरी एवं राजन डहरे उर्फ राजा (23 साल ) निवासी इंदिरा नगर थाना उतई जिला दुर्ग का निवासी होना बताया आरोपियों ने थाना उतई क्षेत्र में देउरझाल तालाब के पास से मोटरसाइकिल प्लसर एवं महिला अस्पताल उतई तथा थाना पाटन जिला दुर्ग एवं थाना कोतवाली जिला धमतरी थाना सिलतरा जिला रायपुर क्षेत्र से भी वाहन चोरी करना बताया तथा चोरी गए मोटरसाइकिल को अन्य व्यक्ति महेंद्र कुमार मंडले (30 साल ) निवासी ग्राम बासीन थाना जामगांव आर तथा तरुण कुमार गेंड्रे (41 साल ) निवासी ग्राम खोपली डीह थाना उतई जिला दुर्ग को बेचना स्वीकार किया आरोपियों से चोरी की वाहन बरामद की गई है ।

### चोरी के मामले में 4 गिरफ्तार



**भिलाई, 17 जून।** भिलाई फाइन इंजीनियर्स कंपनी में चोरी करने वाले चार आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस आरोपियों के कब्जे से लोहे का नट.बोल्ड एवं क्लेपिंग प्लेट बरामद की गई है जामुल राजेश मिश्रा ने बताया कि श्रेष्ठ अग्रवाल निवासी कैलाश नगर ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 13 जून की रात्रि फइन इंजीनियर्स कंपनी लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया से अज्ञात चोर ने लोहे का नट.बोल्ड एवं क्लेपिंग प्लेट को चोरी कर ले गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 303;2द्ध5 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जामुल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर घटना स्थल के आस.पास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया मुखबीर सूचना एवं हुलिया के आधार पर संदेही लुकेश यादव उर्फ बाली 21 वर्ष राजीव नगर खुर्सीपार को घेराबंदी कर पकड़ा गयाआरोपी से पूछताछ करने पर अपने साथी उस्मान अली 18 वर्ष निवासी गौतम नगर खुर्सीपारए केष्णु देहरे 19 वष निवासी राजीव नगर खुर्सीपार एवं रवि चौधरी 25 वर्ष राजीव नगर खुर्सीपार के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही चोरी की मशरूका को बरामद कराया ।

### कटार से डरा रहा था,गिरफ्तार

**भिलाई, 17 जून।** भिलाई नहर नाली



एसीसी कालोनी के पास धारदार हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाले आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार तलवारनुमा कटर जब्त किया गया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 16 जून को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान थाना जामुल पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नहर नाली एसीसी कालोनी जामुल के पास धारदार हथियार तलवारनुमा कटार लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर जामुल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा।आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम दीपक कुमार राणा राजीव नगर छावनी का रहने वाला बताया आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार जब्त किया है।

## महिला समृद्धि बाजार के लिए 60 दुकानों का सर्वे



भिलाई, 17 जून। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत महिला समृद्धि बाजार हेतु दुकानों का सर्वे किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर वार्ड-33 संतोषी पारा में महिला समृद्धि बाजार के तहत 50 दूकान एवं मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 10 दूकान इस प्रकार कुल 60 दुकानों का सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान 37 परिवार निवासरत पाए गए एवं 20 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन फार्म दिया गया। 05 परिवारों को आवेदन वितरण किया गया और फार्म भरकर निगम में जमा करने सूचित किया गया। वहीं 07 परिवारों द्वारा आवेदन फार्म लेने से इंकार किया गया। सर्वे के दौरान जोन आयुक्त सतीश यादव, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन सहित योजना एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण में विनिर्देशों,मानकों का पालन होना चाहिए:दीपक



**भिलाई, 17 जून।** द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स के स्थानीय केंद्र द्वारा सड़क निर्माण में विनिर्देश विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपक कुमार शर्माए आईईएस पूर्व अपर महानिदेशक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में डी के प्रधानए पूर्व प्रमुख अभियंताए छत्तीसगढ़ शासन रायपुर मौजूद थे। अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया की भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। स्वागत भाषण में बसंत साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि दीपक कुमार शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत की सड़कों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिलती है। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में सड़क निर्माण में विनिर्देशों और मानकों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानकों के पालन नहीं किये जाने से दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है तथा ?राब सवारी गुणवत्ता की वजह से वाहनों के रखरखाव खर्च में भी ब?तरी होती है शर्मा ने कहा कि जब वाहन पुल के एप्रोच और मध्य के जो में पहुंचता है तो उसे झटका लगता है जिसकी वजह मानकों का पालन नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि किसी भी सड़क निर्माण की योजना बनाते समय स्थानीय इलाके की परिस्थिति का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है। अति विशिष्ट अतिथि डी के प्रधानए पूर्व प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ शासन रायपुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत के सड़क निर्माण के विनिर्देश अनेक मामलों में अमेरिका के सड़क निर्माण के विनिर्देश से बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि चूँकि अमेरिका में सड़क निर्माण के विनिर्देशों का पालन अक्षरशरू होता है इस लिए उनकी सडकें हमसे बेहतर हैं। द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स इंडिया की भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनीत चौबे ने बताया कि भारत का सड़क नेटवर्क विश्व में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा इस सफलता का श्रेय सरकार के साथ साथ देश में सड़क निर्माण की योजना बनाने से क्रियान्वयन में लगे सभी अभियंताओं को जाता है। चौबे ने प्रति वर्ष लगभग दस लाख लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है जो बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में लगे सभी घटकों को सड़क विनिर्देशों और मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता पीडब्लूडी, सेल के पूर्व कार्यपालक निर्देशक एस के शर्मा, पी के तिवारी, बी पी यादव पूर्व अध्यक्ष, पी मिश्र आदि उपस्थित थे।

## कार्यशाला में आयुक्त ने जलजनित रोगों से बचाव का तरीका बताया



**रिसाली।** नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे ने कार्यशाला में जल जनित रोग और मच्छर से बचाव के तरीकों को विस्तार से बताया। निचली बस्ती हो या फिर पॉश कालोनी मच्छर का प्रकोप हर जगह होता है। मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया समेत फाइलेरिया और जल जनित बीमारी से बचाव हम खुद कर सकते हैं। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक बुधवार को अपने कार्यस्थल पर सफाई करें और रविवार को सार्वजनिक और रिहायशी इलाकों में कूलर की जांच करें। प्रत्येक घरों में दस्तक दें। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने बचाव के तरीके को विस्तार से बताया। आयुक्त मोनिका ने साप्ताहिक बाजारों में सूखी समुद्री मछली की बिक्री पर नजर रखने का भी निर्देश दी हैं। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, आजीविका विभाग के सिटी मिशन प्रबंधक, कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि सबसे पहले कूलर को साफ करना है। अगर कूलर के टैंक में लार्वा या फिर कीड़े नजर आएं तो टेमीफॉस डाले और 1 घंटे तक कूलर में लगे टूल्लू पंप को चालू रखे। इसके बाद पानी को खाली कर दें। घर के आंगन, किचन गार्डन और छत को अच्छे से देखें कि ऐसा कोई बर्तन, खिलौना का टुकड़ा या फिर ऐसा कोई चीज तो नहीं पड़ा है, जिसमें बारिश का पानी जमा हो। घर के परिसर में खुले में डस्टबीन रखा है तो उसे ढक कर रखें, घर के आस पास पानी ठहराव न होने दें। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि घरों में टेमीफोस दवा उपलब्ध कराएं। साथ ही बीमारी से बचने के तरीके को बताए। अगर लापरवाही होती है तो महामारी एक्ट के तहत पहली बार 500 दूसरी बार 1000 तीसरी बार 2000 जुर्माना वसूल करें।




### योग के प्रति लोगों को जागरूक किया

**दुर्ग, 17 जून।** संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के समस्त आयुष संस्थान द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्कूलों में 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग रैलियों, पाम्प्लेट्स वितरण एवं चलित वाहन द्वारा योग का प्रचार प्रसार एवं जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, दुर्ग द्वारा तुलाराम उच्तर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग में योग सत्र में योग का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, आहार और विहार पर व्याख्यान दिया गया।

## घर जलने के सदमे में झुमुक की मौत,जिपं अध्यक्ष ने परिवार को मदद का भरोसा दिलाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 17 जून।** जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम मुंजालकला में रात्रि 11 बजे अचानक एक परिवार झुमुक चन्द्रवंशी के यहां अचानक आग लगना दिखाई दिया।तुरंत ग्रामवासी एकत्रित हुए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीण द्वारा डायल 112 में फोन कर सूचना दी गई। कुछ क्षण बाद मौके पर पुलिस बल भी पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। रात्रि में पूर्व संरपच सावित्री बाई द्वारा लगभग 12 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव को फोन कर आग लग जाने की जानकारी दी। श्रीमती वैष्णव ने तुरंत थाना गैंदाटोला व थाना डोंगरगांव में फोन कर फायर ब्रिगेड वाहन तुरंत भेजने कहा।आज सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ग्राम पंचायत मुंजालकला पहुंची और परिजनों से मुलाकात की आगजनी के कारण घर किचन पूरी तरह से जल चुका है। श्रीमती वैष्णव ने मौके पर तहसीलदार को फोन कर अवलोकन बनाकर हर संभव मदद दिलाने कहा। घर में टेक्टर का टायर, टीवी,कुलर, किचन का समान सब जलकर राख हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। श्रीमती वैष्णव ने बताया कि दुख की बात यह है कि घर को जलता देख लगभग 68 वर्षीय झुमुक चन्द्रवंशी की मृत्यु हो गई। श्रीमती वैष्णव ने श्रद्धांजलि की है। परमात्मा उनकी आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें इस दुख की घड़ी में हम सभी व ग्रामवासी पूरे परिवार के साथ है। साथ ही ग्राम पंचायत शिकारी माहका संरपच प्रतिनिधि कुंदन बडोले,विमला सिन्हा व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहन साहु,व चोवा राम समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शनी में सराही गई



**भिलाई, 17 जून।**सेल. भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा नेहरू आर्ट गैलरीए इंदिरा प्लेसए सिविक सेंटर में सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभाशाली चित्रकारों एवं शिल्पकारों की कलाकृतियों की एक विशेष समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। आयोजन में राज्य के प्रतिभाशाली कलाकारए सुश्री विजया त्रिपाठीए सुश्री करुणा सिदारए सुश्री तृप्ति खरेए सुश्री प्रीति साहू एवं सुश्री निर्वेर साहू द्वारा निर्मित चित्र एवं शिल्प प्रदर्शित किए गए हैंए जिनमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासतए आधुनिक दृष्टिकोण एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति जीवंत रूप में उभरी हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधकसम्पर्क प्रशासन एवं जनसम्पर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक सम्पर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क, सौमिक डेए आर्ट्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष पीएके नंदी, प्राचार्य डॉ. ऋचा ठाकुर,वरिष्ठ कलाकारों में श्रीमती विद्या सोनीए मोहन लाल बरालए ज्ञानदेव सिंहए राजेन्द्र सोनगुरिया तथा योगेन्द्र त्रिपाठी सहित जनसंपर्क विभाग एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि अनूप कुमार दत्त ने आगंतुक पुस्तिका में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी में प्रदर्शित विविधतापूर्ण और रचनात्मक कलाकृतियों, जैसे सिरेमिक आर्ट, जंग लगे धातु से बनी पेंटिंग्स, मशरूम आकृति सिरेमिक कलाकृतियाँ, चॉक आर्ट आदि की प्रशंसा की। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 18 जून तक प्रतिदिन सायं 5ः30 बजे से रात्रि 8ः30 बजे तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

## नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों का किया गया आत्मीय अभिनंदन

**दुर्ग, 17 जून ।** नई उमंग और उत्साह के साथ 16 जून से स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज़ हो चुका है, और सभी विद्यार्थी नए ज्ञान के पथ पर अग्रसर होने को उत्सुक हैं। शिक्षकगण भी पूरी लगन और जोश के साथ बच्चों को पढ़ाने और उनका मार्गदर्शन करने को तैयार हैं। विद्यालय प्रांगण फिर से बच्चों की किलकारियों और चहचहाहट से गूँज उठे है। प्रांगणों में सत्रारंभ कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण आयोजन कर विद्यार्थियों का स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, बोरसी में सोमवार को नए शिक्षण सत्र 2025-26 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मिठाई तथा गणवेश वितरित कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय प्रांगण में सत्रारंभ कार्यक्रम का आयोजन कर समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी गईं। इस दौरान बोरसी विद्यालय में वार्ड क्रमांक 52 के पार्षद श्री गुलशन साहू बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए नियमित रूप से पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को पहचान कर मेहनत करने प्रोत्साहित किया। साथ ही विद्यालय में अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विद्यालय की प्रभारी प्रधानपाठक श्रीमती शांता शिवारे ने बच्चों से आत्मअनुशासन, स्वच्छता और समयबद्धता के साथ अध्ययन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि शाला में कुल दर्ज संख्या 279 है, जिनमें से लगभग 159 छात्र-छात्राएं सत्र के प्रथम दिन उपस्थित रहे, जो कि एक सराहनीय उपस्थिति है। इसी क्रम में, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोटियाकला में भी नए सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास और गरिमामय ढंग से किया गया।

## महापौर ने आयुक्त के साथ किया शिवनाथ नदी इंटकवेल का निरीक्षण



**दुर्ग,17 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रविवार रात्रि को हुए भारी बारिश के चलते पुलगांव नाला में जमा झिल्ली पन्नी व जलकुंभी बहकर शिवनाथ नदी के 24एमएलडी इंटकवेल सम्प में फंस जाने के कारण सोमवार को विभिन्न वार्डो में पेयजल सप्लाई बाधित हुई जिसकी जानकारी मिलने पर आज सुबह महापौर अलका बाघमार अधिकारियो के साथ पुलगांव नाला व इंटकवेल का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था सामान्य बनाए रखने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए इस दौरान निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल जलगृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार,नीलेश अग्रवाल,श्रीमती शशि साहू,लीलाधर पाल पार्षद संजय अग्रवाल कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,उपभियंता गिरीश दीवान सहायक अभियंता मोहित मरकाम,जल निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।ईस दौरान महापौर व आयुक्त ने इंटकवेल में बार बार कचरा कचरा फंसने से रोकने सायफन में जाली लगाने व बारिश के दिनों में इस प्रकार की समस्या आने से रोकने नियमित झिल्ली पन्नी साफ करने इंटकवेल में कर्मचारी रखने कहा ताकि प्लांट तक पानी सप्लाई बाधित न हो।उल्लेखनीय कि केलाबाड़ी कसारीडीह बोरसी पोटिया सहित शहर के विभिन्न वार्डो से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी विभिन्न नाली व नालों के जरिए पुलगांव नाला में आकर मिलता है जो सामान्य दिनों में प्रवाह नही होने के कारण इसमें बहकर आए झिल्ली पन्नी प्लास्टिक जैसे कचरा जलकुंभी के बीच जम जाता है जो बारिश के दिनों में नाला में पानी चढ़ने के कारण सीधे शिवनाथ नदी इंटकवेल के सायफन में फंस जाता है और इसका सीधा असर फिल्टर प्लांट पर पड़ता हैं जहां मोटर बंद होने से पानी सप्लाई ठप्प होने के कारण शुद्धिकरण के पश्चात भरा जाने वाले टंकियो में पानी भर नही पाता इसको ध्यान में रखते हुए महापौर अलका बाघमार द्वारा जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की मौजदगी में विभागीय अधिकारियों को ईस तरह से समस्या रोकने वैकल्पिक व्यवस्था करने व आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए है।ताकि पानी सप्लाई कम बाधित हो।

## बरसात में घर खाली करने के नोटिस से परेशान ग्रामीणों ने आबादी पट्टा दिलाने की मांग की

**दुर्ग, 17 जून।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 122 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम पंचायत बिरेझर थाना अंजोरा निवासियों ने पट्टा प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि ग्रामीण परिवार पिछले 8-10 वर्षों से पंचायत की भूमि पर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। इन परिवारों के पास स्वयं की कोई निजी भूमि नहीं है। भूमि स्वामित्व प्रमाण न होने के कारण ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जिससे बरसात के मौसम में उनके लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। परिवार में छोटे-छोटे बच्चे हैं, बरसात के मौसम में घर से न हटाने और पंचायत की आबादी भूमि पर पट्टा दिलाने की मांग की। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम चंदखुरी के कृषकों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम चंदखुरी नाला क्रमांक 11 के पास स्थित है। हाल ही में बनी सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर कृषि भूमि की ओर बहता है, जिससे वहां डूबान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

# कैम्पा मद का नियमानुसार हो समुचित उपयोग : विष्णु देव साय

रायपुर, 17 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ कैम्पा की गवर्निंग बॉडी की तृतीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिए कि कैम्पा मद का समुचित उपयोग नियमानुसार किया जाए। उन्होंने बैठक में कैम्पा के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। हमारे प्रदेश में भरपूर वन संपदा उपलब्ध है। देश में भौगोलिक क्षेत्रफल के अनुसार छत्तीसगढ़ का स्थान दसवां है, जबकि वन क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य तीसरे पायदान पर है। वनों के संरक्षण एवं संवर्धन में कैम्पा मद की राशि की महत्वपूर्ण भूमिका है, अतः इसका उपयोग आवश्यकतानुरूप प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कैम्पा मद के अंतर्गत विगत वर्षों में किए गए वन विकास, वन सुरक्षा, वन्यप्राणी संरक्षण तथा अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा) द्वारा गवर्निंग बॉडी के समक्ष अब तक की प्रगति तथा कैम्पा मद से संपादित महत्वपूर्ण कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में बताया गया



कि कैम्पा मद के अंतर्गत वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण, वनग्रामों का पुनर्स्थापन, भू-जल संरक्षण, देवगुड़ियों का संरक्षण, वन मार्गों का उन्नयन, पुलिया एवं रपटा निर्माण, चारागाह विकास, नर्सरियों की स्थापना, हाईटेक बेरियरों का निर्माण, नदी तट वृक्षारोपण, फ्रंटलाइन स्टाफ हेतु आवासीय भवन, अग्नि सुरक्षा तथा वन्यप्राणी प्रबंधन जैसे कार्यों का क्रियान्वयन किया गया है। छत्तीसगढ़ कैम्पा की गवर्निंग बॉडी को अवगत कराया गया कि वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक राज्य के ब्याज धारित लोक खाता 'छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि' में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली से कुल 7297.55 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसमें से विगत छह वर्षों में 4010.43 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया है। कैम्पा मद की वार्षिक कार्य योजना (एपीओ) 2025-26 के लिए राज्य कैम्पा द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय कैम्पा को 694.18 करोड़ रुपए की योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके विरुद्ध अब तक 433.69 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती निहारिका बारीक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस., सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग श्री अंकित आनंद, सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग श्री अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की टेलीफोन डायरेक्टरी का किया विमोचन

**रायपुर, 17 जून** . मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ को बधाई देते हुए टेलीफोन डायरेक्टरी को आमजनों के लिए बेहद उपयोगी बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष श्री अरविंद अवस्थी, प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा, प्रदेश सचिव श्री मनोज मिश्रा, जिला अध्यक्ष महासमुन्द श्री स्वप्निल तिवारी, जांजगीर से श्री देवेन्द्र ठाकुर, भिलाई से श्री छगन साहू सहित छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अन्य सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

रायपुर, 17 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज बिलासपुर के सरकण्डा स्थित पीएमश्री सेजेस कन्या शाला में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने शाला प्रवेशोत्सव में बाल अतिथियों प्रियांशु, साहिल, प्राची और धनमती का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों को बैग, किताब, ड्राइंग किट तथा सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण भी किया गया। विधायकगण सर्वश्री धरम लाल कौशिक, दिलीप लहरिया और सुशांत शुक्ला भी कार्यक्रम में शामिल




हुए। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने शाला प्रवेशोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि गुरूओं की कृपा से ही उन्नति मिलती है। आज का यह दिन बेहद खास है, इसे हम एक वृहद उत्सव के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि ये आपके सुनहरे दिन हैं। आने वाले भविष्य की नींव विद्यार्थी काल में ही रखी जाती है। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने बच्चों से कहा कि तनाव लेने की कतई आवश्यकता नहीं है। खूब मन लगाकर पढ़ें। विद्यार्थी जीवन ही पूरे जीवन की बुनियाद होती है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का मूल उद्देश्य है कि एक भी बच्चा स्कूल आने से न छूटे। हमारी सरकार शिक्षा के जरिए पूरे समाज को एक साथ जोड़कर विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है। शिक्षा केवल डिग्री लेने के लिए नहीं है। शिक्षा और संस्कार दोनों जरूरी है। हमारे राज्य में छात्र और शिक्षक का अनुपात अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शिक्षा हर एक का अधिकार है। युक्तियुक्तकरण के जरिए अब हर बच्चे को शिक्षा का उसका अधिकार मिल पाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में सभी के लिए शिक्षा सुलभ हो पा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आज स्कूल का पहला और खास दिन है। आज हम सब संकल्प लें कि पूरे राज्य में अव्वल आकर बिलासपुर का परचम लहराएंगे। उन्होंने शाला प्रबंधन की मांग पर स्कूल में विभिन्न कार्यो के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने शाला प्रवेशोत्सव में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिला है। बच्चियां पल्लवित और पुष्पित होंगी तो समाज भी पल्लवित और पुष्पित होगा। जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, नगर निगम के आयुक्त श्री अमित कुमार तथा जिला पंचायत के सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शाला प्रवेशोत्सव में मौजूद थे।

# किसानों को संवेदनशीलता के साथ सहूलियतें दी जाएं: राम विचार नेताम

रायपुर, 17 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर स्थित न्यू सर्किट हाउस में प्रदेशभर के कृषि अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। हमारी सरकार की प्राथमिकता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देना है। उन्होंने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप प्रमाणित खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित हों। उन्होंने समिति केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण भी सुनिश्चित करने के ही किसानों को उनकी मांग के आधार पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि राज्य के अलग-अलग स्थानों से नकली खाद-बीज की शिकायतें मिल रही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि खाद-बीज की क्वालिटी और प्रमाणिकता को लेकर किसानों को जागरूक करें। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों की संलिप्तता का मामला पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री नेताम ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य में मसाला, फूल और फलों की खेती की काफी संभावनाएं हैं। अतः किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जिलेवार वहां के वातावरण के अनुरूप अधिक उत्पादकता वाली उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने प्रदेश में सुगन्धित धान की खेती को बढ़ावा दिया जाए और इसे छत्तीसगढ़ के ब्रांड के रूप में विकसित




किया जाए। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।

खरीफ के लिए खाद-बीज का पर्याप्त भण्डारण कराए जाने के साथ ही किसानों को इसका तेजी से वितरण भी किया जा रहा है। खरीफ सीजन 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मेट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य स्तर पर सरकारी क्षेत्र में 9.49 लाख मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र में 5.13 लाख मीट्रिक टन है। इसमें 7 लाख 12 हजार यूरिया, डीएपी 3.10 लाख, एनपीके 1.80 लाख, पोटाश 60 हजार एवं सुपर फास्फेट 2 लाख मीट्रिक टन शामिल है। लक्ष्य के विरूद्ध 10.67 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण कर किसानों को 5.23 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि उर्वरक कंपनियों से विभिन्न प्रकार की खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग सतत् संपर्क एवं समन्वय करें, ताकि राज्य की डिमांड अनुरूप उर्वरकों की रैक निर्धारित सेड्यूल के अनुरूप उपलब्ध हो सके। आज की स्थिति में यूरिया 4.96 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 1.13 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 1.60 लाख मीट्रिक टन, पोटाश 72 हजार 879 एवं सुपर फास्फेट 2.26 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण हो चुका है, जिसमें से यूरिया 2.52 लाख, डीएपी 74 हजार 575, एनपीके 86 हजार 280, पोटाश 31 हजार 152 एवं सुपर फास्फेट 79 हजार 408 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया गया है। खरीफ सीजन की विभिन्न फसलों के लिए 4 लाख 95 हजार 58 क्विंटल बीज की डिमांड को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा 4 लाख 29 हजार 535 क्विंटल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। समितियों के माध्यम से किसानों को अब तक 2 लाख 62 हजार 232 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। राज्य में खाद एवं बीज का भण्डारण एवं उठाव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना एक स्थायी स्मृति बनाना है : वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़

**छुरिया, 17 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम पंचायत बेंलरगोंदी में एक पेड़ मां के नाम के तहत 10 वृक्षों का वृक्षारोपण कार्य की । जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम" एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर इस अभियान की शुरुआत की गई है।इस अभियान का का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम



अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। "एक पेड़ माँ के नाम" का हिस्सा बनें और अपनी माँ के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएँ।वृक्षारोपण से वायु और जल प्रदूषण को कम करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, और जैव विविधता को बढ़ाने में मदद मिलती है।

## अटल आवास से पात्र गरीब लोग नहीं होंगे बेदखल : मिर्जा हबीब बेग

**राजनांदगांव, 17 जून।**

कौमी एकता समिति के अध्यक्ष मिर्जा हबीब बेग अटल आवास में रहने वाले पात्र गरीबों के हित में महापौर मधुसूदन लखोली पात्र लोगों को खाली करने के नोटिस के बाद कौमी एकता समिति के अध्यक्ष मिर्जा हबीब बेग के साथ नगर निगम राजनांदगांव मीटिंग के लिए आम जनता महापौर मधुसूदन यादव



यादव से चर्चा की है। जनाब बेग ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव से चर्चा में यह निष्कर्ष निकला है कि पात्र गरीब बेदखल नहीं किए जाएंगे। वैसे भी हाई कोर्ट का स्टे लगने के बावजूद बे दखली के प्रयास किया जा रहे हैं। जनाब बेग ने आगे बताया कि अटल आवास के द्वारा आश्वासन पात्र लोगों को खाली नहीं कराया जाएगा। जनाब बेग की मांग को माना गया की पात्र लोगों खाली न कराया जाए। उन्हीं लोगों को आवंटन कराया जाए । हाई कोर्ट में कब्जा खाली ना करें इसलिए स्टे लगा हुआ है उसके बाद भी कार्यवाही किया जा रहा है।

## मोबाइल ऐप से आवेदन की सुविधा

**रायपुर, 17 जून।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने ग्राहकों को ट्रेडिशनल पॉलिसीज़ के जरिए 900 करोड़ रुपए से ज्यादा के लोन दिए। यह 'लोन अगेंस्ट पॉलिसी' (पॉलिसी के बदले लोन) की सुविधा ग्राहकों के लिए बहुत फायदेमंद रही, क्योंकि इससे उनकी लॉन्ग-टर्म सेविंग प्लान पर असर डाले बिना तत्काल फंड मिल सका। इस दौरान, कंपनी ने 42,700 से ज्यादा ग्राहकों को इस लोन की सुविधा दी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर, श्री अमीश बैंकर ने कहा, "लाइफ इंश्योरेंस एक लॉन्ग-टर्म प्रोडक्ट है, और इस दौरान ग्राहकों को कभी-कभी फंड की जरूरत पड़ सकती है।

## मोदी की गारंटी पूरा करे सरकार भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ

**रायपुर, 17 जून।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार से आग्रह किया है कि बुधवार 18 जून 25 को होनेवाली कैबिनेट बैठक में राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को केन्द्र के समान जनवरी 25 से बकाया 2% प्रतिशत डीए डीआर अगला पिछला सभी एरियर सहित देने पर निर्णय लेकर विधान सभा चुनाव के संकल्प पत्र में "मोदी के गारंटी" के तहत किए गए वायदा को पूरा करने की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष तथा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष और छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता वीरेन्द्र नामदेव ने आगे बताया है कि भूपेश बघेल सरकार ने डीए डीआर के मामले में पूरे पांच साल तक कर्मचारियों और पेंशनरों को खूब तरसाया और बहुत विलंब से डीए डीआर दिया और पूरा पूरा एरियर राशि हजम कर गए ।उनके सत्ता से बेदखल होने में डीए डीआर का बहुत बड़ा योगदान है, परंतु सरकार बदलने के बाद भी आज विष्णुदेव सरकार में भी डीए डीआर की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कांग्रेस सरकार की परम्परा भाजपा सरकार में यथावत कायम है और मोदी की गारंटी में समय पर केंद्र के बराबर डीए डीआर देने के वायदे के बाद आज भी राज्य के कर्मचारी और पेंशनर डीए डीआर के लिए पूर्ववत तरस रहे हैं।

## 26जून को मुख्यमंत्री निवास पर लोकतंत्र सेनानी सत्याग्रहियों का सम्मान

**रायपुर, 17 जून।** लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के निवास पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद द्वारा की गई ।बैठक में निर्णय लिया गया कि आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र सेनानी संघ के सहयोगी संगठन ,लोकतंत्र प्रहरी, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के महाविद्यालयीन छात्रों हेतु" 25 जून "संविधान हत्या दिवस प्रासंगिक क्यों?" इस विषय पर एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु "आपातकाल विस्मृत ना हो।"इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता प्रदेश स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय व विद्यालय के प्राचार्य के सहमति पत्र प्रस्तुत करने होंगे तथा निबंध प्रतियोगिता दिनांक 30 जून 25 तक आयोजित होगी। 30 जून तक सभी प्रतियोगी अपने निबंध प्रदेश कार्यालय "उपासने निवास" प्रोफेसर कॉलोनी, सेक्टर 3, सड़क 3 ,वामन राव लाखे वार्ड क्रमांक 66 के पते पर अग्रेषित करें ।दोनों स्तरों पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थी विजेताओं को क्रमशः 31 हजार हजार 21हजार व 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा तथा अन्य भाव युक्त निबंधों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बैठक में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपातकाल की वर्षगांठ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आमंत्रण पर उनके निवास पर 26 जून को प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी परिवारों, सर्त्याग्रहियों को सम्मानित किया जाएगा ।इस आयोजन में लोकतंत्र प्रहरी पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित प्रदेश सरकार के समस्त मंत्री गण व निगम आयोग के अध्यक्षों सहित भाजपा के पदाधिकरियों की गरिमामय उपस्थिति में "आपातकाल के 50 वर्ष" एवं "संविधान हत्या दिवस" पर ओजस्वी वक्ताओं के द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे तथा आमंत्रित अतिथि लोकतंत्र सेनानियों के साथ भोजन भी ग्रहण करेंगे । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा आपातकाल का काला अध्याय कितना क्रूरतापूर्ण था, यह जनमानस को ज्ञात रहे, इस हेतु "आपातकाल का काला इतिहास" पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा.

# मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें बच्चे : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 17 जून।** नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के दौरान आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों में उल्लास एवं खुशी का माहौल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पहले पढ़ाई के समय अच्छे संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती थी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज के समय में शासन द्वारा स्कूल में पढ़ाई के लिए भरपूर संसाधन और सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों से बच्चों को अच्छी सफलता प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को



बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्कूल में प्रवेश दिलाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं सफलता के लिए सकारात्मक सोच रखते हैं। उन्होंने बच्चों को मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मजबूत इच्छाशक्ति एवं आत्मविश्वास से आप सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आप में से ही कोई कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर होंगे तो कोई स्पोर्ट्स, शिक्षक, उद्योगपति जैसे बड़े पदों पर होंगे। अधिकांशतः सभी कक्षाओं में छात्राएं ही टॉप करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिक्षा सत्र में स्कूल से बहुत अच्छा परिणाम आना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता बहुत विश्वास के साथ बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराते हैं, उनकी बच्चों से बहुत अपेक्षाएं रहती हैं, आप सभी को इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। सभी बच्चों का यह प्रयास होना चाहिए कि अच्छे विद्यार्थी और इंसान बने। शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्री देवशरण सेन ने प्रवेशित बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि स्कूल में बहुत अच्छी लाईब्रेरी है। लाईब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य श्रीमती खेमिन साहू, श्री लोमेश साहू, दिप्ती साहू, श्री राकेश सिन्हा, श्री राजेश यादव, श्री चेतन यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री धनीराम देवांगन, प्राचार्य श्रीमती सुनीता खर्रे, बीआरसी श्री भगत सिंह ठाकुर सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## देश खुशहाली की ओर अग्रसर: केदार कश्यप

**राजनांदगांव, 17 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के वन, सिंचाई एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नये दौर में कदम रखा है। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसान भाइयों से की गई मोदी जी की गारंटी भी साकार हुई ।बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इन 11 सालों में देश में जो बड़ा बदलाव आया है, उससे छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ में सरकार गठन के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर मोदी जी के वायदे को पूरा किया है। प्रदेश में 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं।

## संपादकीय

### यह तो देखने का नजरिया है

आदमी के देखने का नजरिया सकारात्मक होता है तो सब उसे ठीक लगता है, अगर उसके देखने का नजरिया नकारात्मक होता है तो उसे सब गलत लगता है, उसे सब जगह कमी दिखाई देती है।लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम होती है, उसका काम सरकार की नीति में कमी खामी निकालना होता है, उसे सरकार का बताना होता है कि नीति में कहां खामी है, उसे कैसे सुधारा जा सकता है। ऐसा करते वक्त उसे सब पहलुओं पर विचार करना चाहिए क्योंकि कई बार हम नुकसान या कमी को देखते हैं तो हम उससे होने वाले फायदे को देख नहीं पाते हैं। कई बार किसी नीति या नियम से नुकसान नहीं होता है,फायदा भी होता है।नीट का रिजल्ट आने के बाद कांग्रेस ने राज्य को महाराष्ट्र,गुजरात,पंजाब,ओडिशा,जम्मू-कश्मीर,चंडीगढ़, गोवा की तरह क्लोज स्टेट बनाने की मांग ही। राज्य को क्लोज स्टेट बनाने पर मेडिकल में जो सेंट्रल कोटा होता है, वह समाप्त हो जाता है इससे फायदा यह होता है कि राज्य के नीट पास बच्चों को राज्य के मेडिकल कॉलेज में आसानी से प्रवेश मिलता है तथा दूसरे राज्य के बच्चों को प्रवेश नहीं मिलता है। राज्य के क्लोज स्टेट नहीं रहता है तो सेंट्रल कोटा में दूसरे राज्य के 15 प्रतिशत बच्चों को मेडिकल में प्रवेश मिलता है। इससे राज्य के 15 प्रतिशत बच्चों को राज्य के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल पाता है। राज्य क्लोज स्टेट नहीं रहता है तो राज्य के टापर छात्रों का यह फायदा होता है कि वह देश के जिस राज्य के जिस मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेना चाहते हैं, ले सकते हैं। राज्य को अगर क्लोज स्टेट बना दिया जाता है तो राज्य के उन छात्रों का नुकसान होगा जो दूसरे राज्य में प्रवेश लेकर पढऩा चाहते हैं, नहीं पढ़ पाएंगे। उन्हें राज्य के मेडिकल कॉलेज में ही पढऩा पड़ेगा। आंकड़ों के मुताबिक अभी राज्य में 2200 मेडिकल सीटें है, इनमें 400 सीटे सेंट्रल कोटे में चली जाती है, अगर राज्य को क्लोज स्टेट बना दिया जाता है तो राज्य के और बच्चों को मेडिकल में प्रवेश मिलेगा लेकिन राज्य के बच्चे दूसरे राज्य में किसी अच्छे कॉलेज में पढऩे नहीं जा सकेंगे।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए तनाव से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। आप अपनी किसी समस्या को छोटा ना समझे, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और किसी बात को लेकर परिवार में यदि अनबन चल रही थी, तो वह आपको समस्या देगी, इसलिए किसी मामले को आप शांत रहकर निपटाने की कोशिश अवश्य करें। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे वह काफी खुश होंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आज आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे और मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल-मुलाकात करने आ सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा, नहीं तो लड़ाई-झगड़ें बढ़ सकते हैं। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको अपने घर के साथ-साथ दूसरे कामों पर भी ध्यान देना होगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप राजनीति में हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे, जहां आपको कोई बड़ा पद मिल सकता है। आपकी इनकम भी बढ़ेगी और आप अपने जरूरी कामों को भी आसानी से निपटाएंगे। धन को लेकर भी आप सीमित खर्चा करेंगे, जिससे आपकी आय भी सीमित रहेगी।

कर्क आज आप अपनी शौक की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य आगे आएं, लेकिन आपको अपने जीवनसाथी से चल रही अनबन को भी बातचीत के जरिए दूर करने की आवश्यकता है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से भी आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

सिंह आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप खूब खुला खर्च करेंगे, फिर भी आपको धन को लेकर कोई समस्या नहीं आएगी। आपके परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में भर्ती हो सकता है और आपको किसी काम को लेकर मनमर्जी चलाने से बचना होगा, नहीं तो वह काम बिगड़ सकते है। आप अपनी संतान से किए हुए वादे को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। आप किसी से उधार का लेनदेन ना करें, नहीं तो आपको उसे उतारने में समस्या आएगी।

कन्या आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने किसी मामले को छोटा नहीं समझना है। आप मौज-मस्ती में रहने के कारण कामों में लापरवाही कर सकते हैं। संतान के करियर को लेकर यदि कोई समस्या आपको घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी से धन को लेकर कोई वादा करने से बचना होगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों के साथ कोई धोखा हो सकता है।

तुला आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कामों को करने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन आपके मन में भ्रम रहने से आपकी समस्याएं और बढ़ेगी। आपका कोई नया वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपका जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है, लेकिन पारिवारिक समस्याओं को देखकर आपका मन परेशान रहेगा। कार्यक्षेत्र में बॉस से कहासुनी हो सकती है। आपको अपने भाई बहनों का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपको किसी लेनदेन से संबंधित मामले को निपटाने की आवश्यकता है।

धनु आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में कुछ बदलाव करेंगे और अपने व्यापार में भी अच्छा धन लगा सकते हैं। आपके पिताजी का कोई पुराना रोग उभर सकता है, जो आपको परेशानी देगा। यदि आप किसी निर्णय को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसके लिए बाद में आपको पछतावा हो सकता है। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपने यदि किसी नौकरी से सबंधित कोर्स को ज्वाइन किया था, तो वह आपके लिए बेहतर रिजल्ट लेकर आएगा।

मकर आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतरेंगे, जिससे परिवार के सदस्य भी आपसे खुश रहेंगे। आपको अपने सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे, लेकिन बिजनेस कर रहे लोगों की योजनाएं उन्हें समस्या दे रही थी, तो वह आज बेहतर लाभ देगी, जिससे उनकी इनकम भी बढ़ेगी।

कुंभ आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपको कुछ टेंशन हो सकती है। आप अपनी माताजी से काम को लेकर कोई वादा कर सकते हैं। आप अपने बिजनेस को आगे ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपको अपने घर परिवार के खर्चो पर पूरा ध्यान देना होगा। मामा पक्ष से भी आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको किसी कानूनी मामले को लेकर अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी।

मीन आज आप अपने मित्रों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आप अपने घर-परिवार में चल सही समस्याओं को लेकर अपने पिताजी से सलाह अवश्य करें। आपका धन यदि कहीं अटका हुआ था, तो आप उसे निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। विधार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

## समसामयिक

# भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर

**डॉ. मनसुख मांडविया**

वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में हमारी यात्रा अनवरत जारी है, और इस दृष्टि योजना के सबसे प्रभावकारी शक्तियों में भारतीय खेलों का उदय भी शामिल है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्यारधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है।



हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है। दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाड़ियों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किए और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वदस्त कर दिए। इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीतकर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किए हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गए रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं। ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किए गए प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रखकर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है।

इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्स (टीओपीएस) शामिल है। 75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाड़ियों को सहयोग देने के साथ व्यापक हो गई है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नई योजनाएं भी आरंभ की गई हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टार्गेट एशियन गेम्सा ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है।

खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वहपूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्यख से 2017 में आरंभ की गई खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है।

राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्याएपक समर्थन मिला है। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हेंर दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यरकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है।

ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्नष खेलों में उत्कृरष्टकता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं।

पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किए गए सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्य क बनाया गया है। इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यनवस्था को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्ले खनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किए जाते हैं जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्तल डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है। राष्ट्री य खेल नीति 2024 और राष्ट्रीरय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाड़ियों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नई मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। इनके बेहतर अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खेल संघों को सत्यनिष्ठा अधिकारी नियुक्त करने की भी आवश्यकता है।

ओलंपिक खेलों के अलावा, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, योगासन, गतका और थांग-ता जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को खेलो इंडिया गेम्स द्वारा पुनर्जीवित और बढ़ावा दिया जा रहा है। कबड्डी और खो-खो जैसे स्वदेशी खेलों को अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है, जो भारत की समृद्ध खेल विरासत को दर्शाते हैं।

खेल के क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयास भी उल्लेखनीय हैं। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आरंभ की गई एएसएमआईटीए-अस्मियता लीग (महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धि हासिल करना) को तेजी से विस्तारित किया गया है। वर्ष 2021-22 में जहां केवल 840 महिला एथलीट खेलों में सक्रिय थीं वहीं, 2024-25 में 26 खेल संवर्गों में 60,000 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। अस्मिता लीग इन एथलीटों को खेलो इंडिया से जोड़कर प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करती है।

पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 के 38 खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से व्यापक होकर अब यह संख्या बढ़कर 350 पहुंच गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण अभी 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र संचालित कर रहा है जिनमें टॉप्सत और खेलो इंडिया के तहत शीर्ष एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 34 राज्य स्त रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही 757 जिलों में 1,048 खेलो इंडिया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं जो खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर खोजने और उन्हें पोषित-प्रशिक्षित करते हैं।

खेलो इंडिया गेम्स अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। अब तक इसके उन्नीस संस्करण आयोजित हुए हैं - जिनमें युवा, विश्वविद्यालय, पैरा, शीतकालीन और बीच गेम्स शामिल हैं - जिनमें 56,000 से अधिक एथलीट भाग लेते हैं। विशेष रूप से, खेलो इंडिया पैरा गेम्स परिवर्तनकारी रहे हैं जिनके कई एथलीट पैरालिंपिक में पदक जीत चुके हैं। भारत, भविष्य में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी की तैयारी कर रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया के तहत स्कूल गेम्स, ट्राइबल गेम्स, नॉर्थईस्ट गेम्स, वाटर गेम्स, मार्शल आर्ट्स गेम्स और स्वदेशी गेम्स जैसे नए क्षेत्रों में खेल आरंभ किए जा रहे हैं ताकि साल भर प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की खोज सुनिश्चित हो सके। आगामी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स कम आयु में ही एथलीटों की पहचान और उन्हें प्रशिक्षित कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नई प्रतिभा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सिर्फ खेल ही नहीं, फिटनेस के प्रति सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्यह से दिसंबर 2024 में आरंभ किए गए फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान ने भी गति पकड़ ली है। सिर्फ 150 प्रतिभागियों के साथ आरंभ हुआ यह अभियान अब 10,000 स्थाफनों पर विस्तागरित हो गया है जिसमें साढ़े तीन लाख से अधिक लोग सक्रियता से भाग ले रहे हैं। एक जून को आयोजित 25वें संस्करण में इसे सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली के रूप में मनाया गया। रैली में जम्मू-कश्मीर के दूरदराज के जिलों सहित 5,000 स्थानों से 75,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

इन साप्ताहिक कार्यक्रमों में फिटनेस का संदेश प्रचारित करने के लिए डॉक्टर, सरकारी कर्मचारी, शिक्षक सहित विभिन्न समूह शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही सिद्ध करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट देश के हर घर तक फिटनेस का संदेश पहुंचा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भविष्य दृष्टि योजना है कि जब हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें तो भारत खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो और 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाए। इस दृष्टि योजना को पूरा करने के लिए काफी कुछ किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत हासिल करना बाकी है। मजबूत आधार के लिए, शासन में प्रमुख सुधार लागू किए गए हैं, जो देश में खेलों के विकास के लिए अहम हैं।

आज भारत की खेल क्रांति दृष्टि, संकल्प और समावेशी विकास की गाथा है। इस परिवर्तन के केंद्र में हमारे युवा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। पदकों की लगातार बढ़ती संख्या से लेकर जीतने की मानसिकता तक में भारी बदलाव दिख रहा है। विकसित भारत की ओर दृढ़ता से बढ़ते हमारे कदम - खेल भावना से संचालित हैं।

## राजनीति

**संजय सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार**

# बहुजन मंच की पुरानी विरासत पर चंद्रशेखर की नई बुनियाद



उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर नई करवट लेती नजर आ रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव भले ही अभी दो साल दूर हों, लेकिन सियासी सरगर्मियां अभी से तेज़ होती जा रही हैं। भारतीय जनता पार्टी जहां अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं समाजवादी पार्टी सामाजिक समीकरणों के सहारे वापसी की राह तलाश रही है। कांग्रेस भी खोई हुई जमीन की तलाश में सक्रिय हो चुकी है। लेकिन इन तमाम प्रमुख दलों के बीच बहुजन राजनीति में हलचल तब तेज़ हो गई जब आज़ाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती को सीधे चुनौती दे डाली।झांसी में हाल ही में आयोजित 'प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन' में चंद्रशेखर ने न सिर्फ बसपा की नीतियों को निशाने पर लिया, बल्कि मायावती के नेतृत्व पर भी सवाल खड़े कर दिए। उनका साफ कहना था कि बहुजन समाज अब बदलाव चाहता है, और यह बदलाव नेतृत्व से शुरू होगा। चंद्रशेखर ने कहा कि मायावती बहुजन समाज का भरोसा खो चुकी हैं और अब समाज एक नई सोच, नया नेतृत्व और नई दिशा की तलाश में है। यह पहला अवसर नहीं है जब चंद्रशेखर ने बसपा के खिलाफ मुखर रुख अपनाया हो, लेकिन इस बार उनका लहजा अधिक आक्रामक और स्पष्ट था। उन्होंने कहा कि बसपा का लगातार कमजोर होना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी अब जमीनी मुद्दों से कट चुकी है। ''बहुजन समाज को नारे नहीं, भागीदारी चाहिए,'' चंद्रशेखर ने यह कहकर अपने इरादे और दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया।इस सम्मेलन में उमड़ी भीड़, खासकर युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने यह साफ कर दिया कि चंद्रशेखर की लोकप्रियता अब सोशल मीडिया से निकलकर गांव-कस्बों तक पहुंच रही है। मंच पर उनके साथ कई ऐसे चेहरे दिखे, जो कभी बसपा का हिस्सा रह चुके थे। ऐसे में राजनीतिक पंडित इस भीड़ को महज एक सभा की सफलता नहीं मानते, बल्कि इसे बहुजन राजनीति के भविष्य की आहट के तौर पर देख रहे हैं। चंद्रशेखर ने अपने भाषण में भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां वंचितों के उत्थान के विरुद्ध रही हैं। ''वे नहीं चाहते कि दलित, पिछड़ा और आदिवासी समाज मुख्यधारा में आए। बहुजन अगर संगठित हो गया तो सत्ता उनके हाथ से निकल जाएगी,'' उन्होंने दो टूक कहा। उन्होंने बहुजन युवाओं से आवाहन किया कि वे खुद को किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल न होने दें और अपने भविष्य की बागडोर खुद संभालें।बसपा की तरफ से चंद्रशेखर के इन बयानों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन हाल ही में मायावती ने एक बयान में चंद्रशेखर को ''बरसाती मेंढक'' बताते हुए कहा था कि ऐसे लोग समाज की एकता को तोड़ने का काम कर रहे हैं। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ नेता विपक्षी पार्टियों के इशारे पर बहुजन आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं। इस आरोप का चंद्रशेखर ने भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी राजनीतिक दल के मोहरे नहीं हैं और ना ही किसी के इशारे पर राजनीति करते हैं। ''हम बहुजन हित की राजनीति करते हैं, न कि किसी की कृपा पर खड़े रहते हैं,'' उन्होंने स्पष्ट किया।चंद्रशेखर की यह सियासी सक्रियता ऐसे समय में तेज हुई है जब बहुजन समाज पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। 2012 में 80 सीटें जीतने वाली पार्टी 2022 में सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा को एक भी सीट नहीं मिली।

यही वजह है कि दलित समाज का एक बड़ा तबका नेतृत्व को लेकर असमंजस में है, और इसी शून्य को चंद्रशेखर भरने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि चंद्रशेखर के लिए राह आसान नहीं है। हाल ही में उन पर एक निजी विवाद भी सामने आया, जब स्विट्ज़रलैंड की शोधकर्ता डॉ. रोहिणी घावरी ने उन पर भावनात्मक धोखाधड़ी, मानसिक शोषण और धोखे से पैसे ऐंठने के आरोप लगाए। रोहिणी ने यह भी कहा कि वह पिछले कई वर्षों से चंद्रशेखर से जुड़ी थीं और उन्होंने शादी का वादा कर रखा था, लेकिन अंततः उन्होंने साथ छोड़ दिया।इस मामले में ASP ने सफाई देते हुए इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया और कहा कि जैसे-जैसे चंद्रशेखर की लोकप्रियता बढ़ रही है, उन्हें बदनाम करने की साजिशें भी तेज हो रही हैं। खुद चंद्रशेखर ने भी कहा कि वह जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामाजिक आंदोलन को किसी विवाद के जरिए कमजोर नहीं किया जा सकता। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर चंद्रशेखर इन विवादों से खुद को सफलतापूर्वक निकाल पाते हैं और जमीनी संगठन को मजबूत करते हुए दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग को साथ ला पाते हैं, तो वह उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

चंद्रशेखर ने इस बात के संकेत भी दिए हैं कि उनकी पार्टी 2027 का चुनाव अकेले लड़ेगी और किसी भी बड़े दल से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''गठबंधन की राजनीति ने बहुजन समाज को ठगने का काम किया है। हम खुद अपनी ताकत पर चुनाव लड़ेंगे, पंचायत से लेकर विधानसभा तक।'' उन्होंने आगे कहा कि उनका लक्ष्य सिर्फ सीटें जीतना नहीं, बल्कि बहुजन समाज को सत्ता में निर्णायक भागीदारी दिलाना है। झांसी सम्मेलन के बाद जिस तरह ASP के झंडे गांवों-कस्बों में लहराते दिखने लगे हैं, उससे यह तो तय है कि चंद्रशेखर अब किसी प्रयोग के दौर में नहीं हैं, बल्कि एक रणनीतिक सियासी सफर की ओर बढ़ चले हैं। चाहे वह युवाओं के बीच अपनी बात रखने की शैली हो या दलित समाज के मुद्दों को उठाने का आक्रामक अंदाज, चंद्रशेखर एक नई पीढ़ी के बहुजन नेता के रूप में उभरते नजर आ रहे हैं। फिलहाल, उत्तर प्रदेश की सियासत में चंद्रशेखर आज़ाद एक ऐसा नाम बनकर उभरे हैं जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह न केवल बहुजन राजनीति में एक वैकल्पिक नेतृत्व की संभावना पैदा कर रहे हैं, बल्कि यह संकेत भी दे रहे हैं कि 2027 का चुनाव पुराने समीकरणों पर नहीं, बल्कि नई चेतना और संघर्ष की जमीन पर लड़ा जाएगा। अब देखना यह है कि यह उभार कितनी दूर तक जाता है सिर्फ नारे बनकर रह जाएगा या सत्ता के सिंहासन तक पहुंचेगा।

## रोहिताश्व गौड़ ने बेटियों ने सीखी जेन जेड की नई भाषा




'मनमोहन तिवारी' यानी रोहिताश्व गौड़ इन दिनों एक अलग ही अंदाज़ में सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इस बार वे अपनी बेटियों से जेन जेड की नई भाषा सीखकर दर्शकों को हंसा रहे हैं। हाल ही में रोहिताश्व ने अपनी बेटियों- गिति और संजिति, के साथ एक मज़ेदार रील बनाई। इसमें वे 'सस', 'लोकी', और 'बूजी' जैसे नए-नवेले शब्दों को समझने और बोलने की कोशिश करते दिखे। इस वीडियो ने न सिर्फ इंटरनेट पर हलचल मचा दी, बल्कि दो पीढ़ियों के बीच की दूरी को प्यार और हास्य से पाटने का भी काम किया। रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी ने बताया, ''जब मैंने अपनी बेटियों को अचानक 'सस', 'लोकी' और 'बूजी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते सुना, तो साचा कि क्यों न एक रील बनाई जाए। सच कहूं तो मुझे कुछ समझ ही नहीं आया! तब लगा कि मुझे जेड जेन स्लैंग की इस नई भाषा को थोड़ा समझना चाहिए। उदाहरण के लिए 'लोकी' का मतलब होता है कुछ ऐसा जिसे आप चुपचाप पसंद करते हैं, 'सस' यानी सस्पिशियस, और 'बूजी' का मतलब होता है कोई ऐसा इंसान जिसके शौक बहुत महंगे हों। लेकिन जब मैंने 'बूजी' को गलती से 'भौजी' बोल दिया, तो मेरी बेटियां-गिति और संजिति, हंस-हंस कर लोटपोट हो गईं! वो पल हमारे लिये 'पापा द ग्रेट' वाला मोमेंट हो गया। मेरी दोनों बेटियों की हंसी रूकने का नाम नहीं ले रही थीं।

## फैशन

# पोल्का डॉट साड़ी से बनाएं खूबसूरत ड्रेस, लगेंगे क्लासी और खूबसूरत

आपके पास भी इस तरह की पोल्का डॉट साड़ी हैं और अब इन साड़ियों को आप नहीं पहनती हैं। तो आप इन साड़ियों के इस्तेमाल से डिजाइनर ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आप इन ड्रेसेज को पहनकर काफी खूबसूरत लगेंगी। आजकल पोल्का डॉट साड़ी काफी चलन में हैं। ऐसे में ज्यादातर महिलाओं के पास यह साड़ी देखने को मिल जाएगी। हालांकि दो-तीन बार एक साड़ी को पहनने के बाद ज्यादातर महिलाएं इन्हें किसी और को दे देती हैं या फिर उस साड़ी को फेंक देती हैं। ऐसे में आपके पास भी इस तरह की पोल्का डॉट साड़ी हैं और अब इन साड़ियों को आप नहीं पहनती हैं। तो आप इन साड़ियों के इस्तेमाल से डिजाइनर ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आप इन ड्रेसेज को पहनकर काफी खूबसूरत लगेंगी। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पोल्का साड़ी से बनने वाली ड्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आपके पास ब्लैक एंड व्हाइट कलर की पोल्का डॉट साड़ी है। तो इसका इस्तेमाल करके पोल्का डॉट वन शोल्डर मिडी ड्रेस तैयार कर सकती हैं। इस ड्रेस के साथ मेकअप, एक्सेसरीज और हील्स भी शामिल कर सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आपका लुक गॉर्जियस लगेगा। आप किसी भी पोल्का डॉट साड़ी के इस्तेमाल से प्रिंटेड फिट एंड फ्लायर ड्रेस बना सकती हैं। इस ड्रेस को आप किसी भी फंक्शन में भी जा सकती हैं। आप टेलर की मदद से या खुद से इसको अपनी साइज के हिसाब से बनवा सकती हैं। वहीं मेकअप और हेयर स्टाइल से अपने लुक की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। अगर आप भी भीड़ से हटकर नजर आना चाहती हैं तो आप पोल्का डॉट साड़ी का इस्तेमाल कर नेवी ब्लू पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस तैयार करवा सकती हैं। यह आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। वहीं आप चाहें तो इस ड्रेस को घर पर भी तैयार कर सकती हैं।



## सू-दोकू 82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.081का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# युक्तियुक्तकरण के बाद हाईस्कूल को मिले गणित और विज्ञान के शिक्षक

**मोहला-मानपुर,17 जून।** छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया जारी है. योजना का लाभ अब मोहला-मानपुर जिले के वासड़ी हाई स्कूल में भी हुआ है. यहां सालों बाद गणित और विज्ञान विषय के टीचर की नियुक्ति हुई है. दोनों विषयों के नए शिक्षक मिलने से छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर है.



### छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर

मोहला मानपुर जिले के हाई स्कूल वासड़ी में वर्षों बाद गणित और विज्ञान के शिक्षक मिलने पर अभिभावकों और छात्रों में खुशी देखी जा रही है. अभिभावकों ने कल स्कूल में पहुंचकर खुशी जाहिर की. उन्होंने शिक्षकों की युक्तिकरण योजना की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया. अभिभावकों ने कहा कि युक्तिकरण की योजना के कारण ही उन्हें इतने सालों बाद विज्ञान और गणित के शिक्षक मिल पाए हैं.युक्तियुक्तकरणज स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदमबता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है. यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके.युवक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी. अतिरिक्त शिक्षक की उपलब्धता बढ़ेगी. स्थापना व्यय में कमी आएगी. एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता से बच्चों के ड्रॉपआउट में कमी आएगी. लगभग 89 प्रतिशत बच्चों को तीन बार अलग-अलग स्तरों पर प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं होगी. छात्र ठहराव दर में वृद्धि होगी. मजबूत अधोसंरचना प्रदान करना सुगम होगा।

# भाजपा पार्षद और भाजयुमो पदाधिकारी ने आबकारी उप निरीक्षक से की बदसलूकी

**बलरामपुर,17 जून।** अवैध शराब बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने वाले आबकारी उप निरीक्षक के साथ उनकी टीम से भाजपा पार्षद और भाजयुमो पदाधिकारी ने बदसलूकी की. आबकारी उपनिरीक्षक नीरज साहू ने मामले की थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.



दर्ज कराए गई शिकायत के मुताबिक, 16 जून को दोपहर 2 बजे रामानुजगंज वार्ड 15 में रमेश पासवान पिता शिवपूजन पासवान के ठिकाने पर छापा मारा गया, जिसमें 7 लीटर महुआ शराब और 240 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया. मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने से पहले स्वास्थ्य जांच के लिए रामानुजगंज अस्पताल में लाया गया था.उपनिरीक्षक नीरज साहू ने बताया कि इस दौरान फोन कर अपने आप को वार्ड 15 रामानुजगंज पार्षद सिद्धार्थ यादव बताते हुए आरोपी रमेश पासवान को तुरंत छोड देने का दबाव बनाने लगा. इस पर गैर जमानती प्रकरण होने की जानकारी देते हुए आरोपी को नहीं छोड़ पाने की बात कहने पर सामने वाला शख्स देख लेने की धमकी देने लगा।

शिकायत में बताया गया कि इसके बाद तीन लोग अस्पताल में आए, जिनमें अश्विन गुप्ता, सिद्धार्थ यादव और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे. आते ही तरह-तरह के आरोप लगाते हुए, अश्लील गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी. इसके बाद अभिरक्षा से आरोपी को भगाने का प्रयास किया गया.इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकार्डिंग किए जाने की जानकारी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने के साथ आबकारी उपनिरीक्षक के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौच एवं धमकी देने वाले असामाजिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है।

## कम मेहनत, कम लागत, बंपर मुनाफा ऑयल पाम ही है वो एकमात्र फसल

**बीजापुर, 17 जून।** नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पॉम योजना विकासखण्ड बीजापुर के ग्राम रेडडी में ऑयल पॉम पौध रोपण कार्य का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रीयूनिक एसिया प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद के डायरेक्टर डॉ. प्रसाद राव पासम, सहायक संचालक उद्यान बीजापुर श्री राम चन्द्र राव एवं फिल्ड स्टाफ तथा कृषकों की उपस्थिति में रोपण कराया गया। योजना के तहत् ग्राम रेड्डी के कृषक श्री रतनैया मरकाम एवं श्री संजय हेमला के खेत में ऑयल पॉम के 286 पौधों का रोपण किया गया। भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से प्रीयूनिक एसिया प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा किया जा रहा है।

# फ्रिज खोलते ही भीषण विस्फोट से किसान की मौत

**खैरागढ़, 17 जून।** छुईखदान क्षेत्र के ग्राम भोरमपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब घरेलू फ्रिज में अचानक भीषण धमाके में 52 वर्षीय किसान गंभीर रूप से घायल हो गया और जिला अस्पताल रेफर करने के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना सोमवार की है। जानकारी के मुताबिक, श्रीराम वर्मा रोज की तरह फ्रिज से सामग्री निकालने के लिए उसका दरवाजा खोला, फिर अंदर से तेज विस्फोट हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि किसान के दोनों पैर मौके पर ही उखड़ गए। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई है।परिजन व ग्रामीणों ने घायल किसान को तत्काल छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अत्यधिक रक्तस्राव और आंतरिक चोटों की वजह से किसान ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक श्रीराम वर्मा अपने पीछे एक पुत्र और तीन पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पूरे गांव में शोक की लहर है।

### धमाके की वजह स्पष्ट नहीं

फिलहाल विस्फोट के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फ्रिज रातभर बंद था और सुबह चालू करते ही हादसा हुआ। फ्रिज रसोई में था और संभवतः पुराने मॉडल का था। तकनीकी विशेषज्ञों की मानें तो ऐसा विस्फोट कंप्रेसर फेल, गैस रिसाव या ओवरलोड इलेक्ट्रिकल सर्किट के कारण हो सकता है।

### लोगों के लिए चेतावनी

यह हादसा सभी लोगों के लिए एक चेतावनी है कि घरेलू उपयोग के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर आदि की समय-समय पर अधिकृत तकनीशियन से जांच और सर्विसिंग कराना जरूरी है। साथ ही सुरक्षा जांच की लिखित रिपोर्ट भी सुरक्षित रखना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### जांच टीम करेगी विस्फोट के कारणों की पड़ताल

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके का मुआयना किया है।

बिजली विभाग और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम विस्फोट के संभावित कारणों की जांच करेगी। उम्मीद है कि रिपोर्ट के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

# ससुर ने बहू की हत्या कर घर से 50 मीटर दूर कर दिया था दफन



**सरगुजा, 17 जून।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां ससुर ने कुल्हाड़ी से वार कर बहू की हत्या कर दी और लाश को घर से 50 मीटर दूर ले जाकर दफन भी कर दिया. यह मामला लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम किरकिमा के अमलीटीकरा मोहल्ले का है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है. आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

मृतिका के पति और गांव वालों की मानें तो आरोपी ससुर अपनी बहू पर गलत नियत रखता था और छेड़छाड़ करता था, जिसका बहू विरोध करती थी. हत्या की वारदात के पीछे यह एक वजह हो सकता है. हालांकि पुलिस की पूछताछ में आरोपी ससुर परमेश्वर ने बताया है कि जब वह घर आया तब अपनी बहू से खाना मांगा और बहू ने खाना देने से इनकार कर दिया, जिसकी वजह से आवेश में आकर उसने कुल्हाड़ी से बहु सरस्वती के गले में वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. डर की वजह से उसने लाश को दफन कर छुपाने की कोशिश की।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों का सम्मान

**सुकमा, 17 जून ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल सुकमा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, समर्पित सेवा संस्था एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सुकमा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

शिविर में जिले के कई रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव कश्यप उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है।रक्तदान करने वाले प्रमुख रक्तवीरों में कमलेश कश्यप, राम नाग, पुमेन जोगा, पदम हुंगा, कमल मंडावी, महादेव नायक, विशाल सहित अन्य का योगदान सराहनीय रहा। विशेष अतिथियों में डॉ. भीमा बारसे (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर), श्री राजेश ठाकुर (ब्लड बैंक सीनियर टेक्नीशियन), रेड क्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रतिनिधि श्री अमित हलधर, आजीवन सदस्य श्री बी.आर. बघेल, मनीषा शर्मा और अमृत नाग शामिल रहे।

# 20 साल के अनुभव के बाद भी शिक्षक को प्रशिक्षित न मानने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**बिलासपुर।** 20 साल से ज्यादा अनुभव रखने के बावजूद शिक्षक को प्रशिक्षित नहीं मानने पर हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई है. कोर्ट ने शिक्षा सचिव और लोक शिक्षण निदेशक इस मामले में आदेश की प्रति मिलने के 60 दिन के भीतर फैसला लेने के लिए निर्देशित किया है।



बता दें कि रायगढ़ जिले के शासकीय हाईस्कूल भालूमार में कार्यरत व्याख्याता केशव प्रसाद पटेल ने इस संदर्भ में हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी. याचिका में बताया गया, कि वह पिछले 20 साल से ज्यादा समय से लगातार पढ़ा रहे हैं और उनकी उम्र भी 50 साल पार हो चुकी है. ऐसे में उन्हें शासन के 1979 के परिपत्र के अनुसार प्रशिक्षित शिक्षक घोषित किया जाना चाहिए राज्य सरकार का 22 नवंबर 1979 का परिपत्र यह कहता है कि अगर कोई शिक्षक 20 साल की सेवा पूरी कर चुका हो या उसकी उम्र 50 साल से ज्यादा हो गई हो, तो उसे प्रशिक्षण की प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं है और उसे सीधे प्रशिक्षित माना जा सकता है शिक्षक ने कोर्ट को बताया, कि उन्होंने पहले भी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को अपना पक्ष सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ भेजा था, लेकिन अब तक कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया. इसी तरह के मामले में पहले भी 28 जून 2021 को एक और शिक्षक की याचिका पर पक्ष में निर्णय दिया गया था जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने याचिका निराकृत कर शिक्षा सचिव और लोक शिक्षण निदेशक को निर्देश दिया कि आदेश की प्रति मिलते ही 60 दिनों के भीतर यह तय करें कि याचिकाकर्ता को प्रशिक्षित शिक्षक मानते हुए छूट दी जा सकती है या नहीं।

# सत्र के पहले दिन हेडमास्टर शराब के नशे में जमीन पर बेसुध मिले

**सरगुजा, 17 जून।** नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन ही एक हेडमास्टर नशे की हालत में स्कूल पहुंचा। मामला सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक का है।नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन ही एक हेडमास्टर नशे की हालत में स्कूल पहुंचा। मामला सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक का है। छत्तीसगढ़ में स्कूल खुलने पर हेडमास्टर ने पार्टी की और नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा। शिक्षक ने इतना पी लिया कि, नशे में स्कूल के बाहर बरामदे में ही लुढ़क गया। मामला सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक का है। यहां देवटिकरा प्राइमरी स्कूल में जब पेरेंट्स स्कूल पहुंचे तो टीचर स्कूल के बाहर ही नशे बेसुध पड़ा था।हेडमास्टर का वीडियो बनाकर



ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं, स्कूल में पोस्टेड दूसरा टीचर भी नदारद था। सूचना पर उदयपुर बीईओ मौके पर पहुंचे तो स्कूल में ताला बंद मिला। अब नशेड़ी हेडमास्टर को सस्पेंड करने की सिफारिश की गई है।जानकारी के मुताबिक, युक्तियुक्तकरण के बाद शैक्षणिक सत्र का सोमवार को पहला दिन था। प्राथमिक शाला देवटिकरा का हेडमास्टर रजक राम शराब पीकर स्कूल पहुंचा। नशा इतना ज्यादा था कि, हेडमास्टर स्कूल के बाहर बरामदे में लेट गया।सूचना पर उदयपुर बीईओ रविकांत यादव दोपहर करीब 12.30 बजे देवटिकरा स्कूल पहुंचे। बीईओ के पहुंचने के पहले हेडमास्टर वहां से उठकर चला गया था। हालांकि स्कूल में ताला बंद ही मिला। बीईओ ने ग्रामीणों का बयान लिया है। ग्रामीणों के बयान के आधार पर बीईओ ने हेडमास्टर रजक राम को सस्पेंड करने की अनुशंसा डीईओ सरगुजा को भेजी है।

दूसरा टीचर मिला नदारद, जारी किया नोटिस बीईओ रविकांत यादव ने बताया कि, प्राइमरी स्कूल देवटिकरा में हेडमास्टर के अलावा टीचर चोलाराम पदस्थ हैं। वे सोमवार को स्कूल नहीं पहुंचे थे। बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण बीईओ ने चोलाराम को नोटिस जारी किया है।युक्तियुक्तकरण के बाद प्राइमरी स्कूलों में एक हेडमास्टर और एक टीचर पदस्थ किया गया है। हेडमास्टर के नशे में रहने और दूसरे टीचर के नदारद होने के कारण स्कूल का पहले दिन ताला ही नहीं खुला। लड़खड़ाते हुए स्कूल पहुंचा शराबी टीचर -बलरामपुर में बच्चे बोले-गुरुजी रोज नशे में आते हैं, नाराज परिजन बोले-सपने चकनाचूर हो रहे बलरामपुर में शराब के नशे में धुत एक टीचर का वीडियो वायरल है। शिक्षक नशे में लड़खड़ाते हुए नजर आए। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में शराब के नशे में धुत एक टीचर का वीडियो वायरल हो रहा है।

## एक नजर

### स्वामित्व योजना के तहत 18 जून को जिले भर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**महासमुंद, 17 जून।** भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रहवासियों को अधिकार अभिलेख प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सक्रिय प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में 18 जून 2025 को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर कार्यालय, भू-अभिलेख शाखा एवं पंचायत शाखा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अब तक जिले के कई ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा प्रस्ताव पारित न होने के कारण हितग्राहियों को संपत्ति अभिलेख प्रदान नहीं हो सका है, जिससे अनेक प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से यह विशेष ग्राम सभा बुलाई जा रही है।

ग्राम सभाओं में संबंधित गांवों के पात्र गृह स्वामियों के लिए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, जिससे उन्हें स्वामित्व प्रमाण पत्र समयबद्ध रूप से प्रदान किया जा सके। यह प्रमाण पत्र ग्रामीणों की संपत्ति पर अधिकार की वैधता सुनिश्चित करता है और उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में सहायक होता है। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष ग्राम सभा के आयोजन को प्राथमिकता देते हुए उसकी पूरी तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल सके और किसी भी प्रकार की विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो।

### अटल परिसर के निर्माण में अनियमितता का आरोप

**सुकमा, 17 जून।** नगर पालिका अंतर्गत अटल परिसर के निर्माण में एक बार फिर भारी अनियमितताओं और तकनीकी लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। यह वही स्थल है, जो पहले स्थान परिवर्तन को लेकर विवादों में रहा था – और अब निर्माण गुणवत्ता को लेकर जनता में गहरा आक्रोश है। बीम की ऊँचाई मेन रोड से दो फीट नीचे है, जिससे बरसात में जलभराव से नींव कमजोर होगी।- बीम की मोटाई असमान है – कहीं मोटी तो कहीं बेहद पतली, जिससे भवन की मजबूती संदिग्ध है।- छड़ों को जोड़-जोड़ कर लगाया गया है, जो संरचना की सुरक्षा पर सीधा हमला है।- नींव की बेस लेवलिंग अधूरी – बीम डालने से पहले पर्याप्त तकनीकी आधार नहीं बनाया गया।

सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर बन रही प्रतिमा को एक गंदे नाले के सामने स्थापित किया जा रहा है जहां हमेशा गंदा पानी बहता है। यह सिर्फ इंजीनियरिंग की गलती नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सम्मान का खुला अपमान है।इस मुद्दे को केवल निर्माण कार्य न समझें, यह जन भावनाओं और राष्ट्र गौरव से जुड़ा विषय है। तुरंत उच्च स्तरीय तकनीकी जांच, निर्माण गुणवत्ता का ऑडिट और दोषी ठेकेदार व इंजीनियर पर कड़ी कार्रवाई की जाए – अन्यथा जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### एनईईटी परीक्षा में कोचिंग सेंटर के



### विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**सुकमा, 17 जून।** जिले के लिए यह गौरव का क्षण है। एनईईटी परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों में जिले के क्षितिज जेइइ एनईईटी कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस कोचिंग सेंटर के 58 विद्यार्थियों में से 43 छात्रों नेएनईईटी की कट-ऑफ क्लियर की है। जिसमें 42 ड्रॉपर्स एवं 1 बारहवीं की छात्रा ने सफलता अर्जित की है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के नेतृत्व में संचालित मॉडल कोचिंग व्यवस्था का प्रतिफल है। इस सफलता में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर. मांडवी, कोचिंग संस्था के प्राचार्य, प्रशिक्षक एवं सभी सहयोगी कर्मचारियों के अथक प्रयासों और विद्यार्थियों की मेहनत का बड़ा योगदान है।

### आवारा सांडों की लड़ाई में फंसी महिला की मौके पर हुई मौत

**गरियाबंद,17 जून।** जिले के मैनपुर ब्लॉक के सारनाबहाल गांव में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव की सड़क पर दो सांडों की आपसी लड़ाई के दौरान 35 वर्षीय महिला पीलाबुडू को एक सांड ने जोरदार टक्कर मार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह पूरी घटना पास के एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई और उसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला सड़क किनारे से गुजर रही थी तभी लड़ते हुए एक सांड ने उसे अचानक निशाना बना लिया। सांड ने महिला पर पेट और सीने में जोरदार वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीपदर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**बीजापुर 17 जून।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्यारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को '' एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य '' थीम पर जिले में उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। इस अवसर को सफल बनाने के लिए 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन जिला, विकासखंड मुख्यालयों एवं नगरीय निकायों में प्रारंभ किये जाने हेतु सभी को परिपत्र जारी किया गया है। 21 जून 2025 को प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री जी का संदेश वाचन भी किया जावेगा।जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम एजुकेशन सिटी में स्थित नवोदय विद्यालय परिसर बीजापुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम की समस्त गतिविधियाँ योगा पोर्टल yoga.ayush.gov.in पर अपलोड की जाएगी। इस योग सप्ताह के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचने स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने एवं प्राकृतिक परिवेश में योगाभ्यास को प्रोत्साहन देने का उद्देश्य रखा गया है।

## जल जीवन मिशन बना ग्राम चिलकापल्ली के लिए वरदान



**बीजापुर 17 जून।** ग्राम चिलकापल्ली जो कि फुतकेल ग्राम पंचायत का आश्रित ग्राम है, अब जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के कारण एक आदर्श ग्राम के रूप में उभर सामने आया है लगभग 132 परिवारों की आबादी वाला यह ग्राम है कभी पेयजल की समस्या से जुझता था लेकिन अब हर-घर तक नलजल आपूर्ति पहुँच रही है।ग्राम चिलकापल्ली में पूर्व से संचालित 15 हैण्डपंपों के माध्यम से ही इन ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति होती थी। गर्मी के मौसम में पानी का स्तर नीचे चले जाने के कारण लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। छत्तीसगढ़ सरकार की नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत इस ग्राम को प्राथमिकता में लाया गया, योजना के तहत विकास के अनेक कार्य प्रारंभ हुए। इस ग्राम में सबसे पहले महत्वपूर्ण रहा जल जीवन मिशनयोजना का क्रियान्वयन। ग्राम में कुल 37.89 रू. लाख की लागत से जल जीवन मिशन योजना के तहत 7138 मीटर पाईप लाईन बिछायी गई है साथ ही 5 नग सोलर आधारित जल आपूर्ति प्रणाली के स्थापना की गई है। जिससे वर्तमान में 132 परिवारों को घर पर ही नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है।ग्राम के पंच नुप्पो देवा बताते है कि पहले हमारे ग्राम में पानी की बहुत ही समस्या थी। महिलाएँ और बच्चे हैण्डपंप से पानी लाते थे जिसमें बहुत समय और मेहनत लगता था लेकिन अब हमें घर में ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है हम सभी ग्रामवासी बहुत खुश है।वहीं ग्रामवासी नुप्पो पोज्जी बताती है की हमें घर में ही पानी मिल रहा है पहले पानी लाने में बहुत दिक्कत होती थी घर में पानी मिलने से अब सुविधा हो रही है। 23 जून 2025 को ग्रामसभा के माध्यम से चिलकापल्ली को हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मनीष कुमार मुसक्की, पंच लेकम गुज्जा, पंच मडकम हेमन्त और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।ग्राम को जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन, प्रबंधन एंव सतत निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई अब ग्रामवासी जल संरक्षण एवं जल के महत्व को समझकर जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। जल जीवन मिशन योजना ने ग्राम चिलकापल्ली को पेयजल संकट से मुक्ति दिलायी है, यह योजना केवल जल आपूर्ति का माध्यम नहीं बल्कि ग्राम के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुधार और सामाजिक विकास का आधार बन चुकी है।

## महतारी वंदन योजना से महिलाओं का बढ़ा आत्मसम्मान



**सुकमा 17 जून।** महतारी वंदन योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में एक नया उजियारा लाया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार की कमी और सीमित संसाधनों के बीच जीवन यापन करना कठिन होता है। इस योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल मिला है, जिससे उनका जीवन बेहतर हुआ है और महिलाओं का आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। आकांक्षी जिला सुकमा के सुदूर वनांचल में बसे ग्राम छिंदगढ़ में रहने वाली श्रीमती शांति नाग का जीवन पहले ही कई कठिनाइयों से घिरा हुआ था। संसाधनो के अभाव और आर्थिक तंगी ने उनके रोजमर्रा के जीवन को चुनौतीपूर्ण बना दिया था। उनका परिवार खेती किसानी करके अपना भरण पोषण करता था। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके परिवार के लिए एक वरदान साबित हुई है, जिसने न केवल उनके जीवन को सरल बनाया, बल्कि उनके परिवार को भी एक नई दिशा दी। अब वह खुद को आत्मनिर्भर महसूस करती हैं। हितग्राही श्रीमती शांति ने योजना से मिल रहे लाभ के सुखद अनुभव को साझा करते हुए बताया कि परिवार की आमदनी के नियमित और स्थिर स्रोत नहीं होने के कारण उनके दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने की समस्या सदैव बनी रहती थी, जिससे आर्थिक संकट की समस्या निरंतर उनके परिवार को घेरे रहता था। पानी की अनिश्चितता के कारण खेती की संभावना भी नहीं रह गयी थी, उनके पति रोजी-मजदूरी कर परिवार का गुजारा चलाते थे। जब महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें वित्तीय सहायता मिलने लगी, तो उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया। इस योजना से मिलने वाली राशि ने उनके घरेलू खर्चों को पूरा करना आसान बना दिया। अब वह न केवल परिवार के खर्चों को सहजता से पूरा कर पाती हैं, बल्कि अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त भी बना रही हैं।इसी प्रकार छिंदगढ़ के आश्रित ग्राम पुजारीपाल से आने वाली लाभार्थियों ने बताया कि महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊँचाइयाँ दी हैं। इस योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं को एक नई दिशा दी है, जिससे वे न केवल अपनी बल्कि अपने परिवार की भी खुशहाली के लिए सक्षम बन रही हैं। योजना के माध्यम से प्रति माह एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता मिलने से हम अपने भविष्य के लिए निश्चिन्त रहते हैं।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में शिविरों का हो रहा आयोजन



**सुकमा 17 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के जनजातीय ग्रामों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में 16 से 18 जून तक विकासखण्ड कोंटा के कुन्देड में तीन दिवसीय शिविर तथा विकासखण्ड छिंदगढ़ में 16 एवं 17 जून को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। उन्हें आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दी गई।धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से जागरूकता रथ को जनप्रतिनिधियों ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।ग्रामीणों कोजनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने शासन की पहल- स्वास्थ्य अधिकारी संध्या नाग ने बताया कि धरती आबा अभियान के अंतर्गत लगाए गए शिविरों में स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड वितरण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिससे स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।मितानिन कनेश्वरी साहू ने कहा कि गांव की महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण, पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में यह अभियान बहुत सहायक रहा है। हमें मितानिन के रूप में इस तरह के शिविरों में सीधे सहयोग करने का अवसर मिल रहा है। जिससे हम समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर पा रहे हैं।वरिष्ठ नागरिक वेंको सुकड़ी, ग्राम छिंदगढ़ ने कहा कि हमें योजनाओं की सही जानकारी मिल रही है और आधार, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड एक ही जगह मिल गया।

# भाजपा विधायक दल की बैठक कल, विधायकों के रिपोर्ट कार्ड, संकल्प से सिद्धि पर चर्चा होगी

**रायपुर, 17 जून।** भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होगी। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश मंगलवार को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे। दोनों नेताओं की विधायकों के साथ मीटिंग भी होगी, जिसमें उनका रिपोर्ट कार्ड लिया जाएगा।

इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रांत संगठन मंत्री पवन साय प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में आगामी मानसून सत्र की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा और संगठनात्मक मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

**संकल्प से सिद्धि अभियान पर चर्चा:** बैठक में संकल्प से सिद्धि, 11 साल बेमिसाल और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी 9 जून से देशभर में 'संकल्प से सिद्धि तक' नामक एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है। अभियान का उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और कांग्रेस शासन की विफलताओं को उजागर करना है। साथ ही प्रत्येक मंडल में 'भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया जाएगा। पार्टी ने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की जिम्मेदारी संभाग और जिला स्तर पर तय की है। बैठक में इसकी प्रगति की जानकारी ली जाएगी।

### भाजपा जवाहर नगर मंडल ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया

भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर जवाहर नगर मंडल द्वारा भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि तक विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन दुलार धर्मशाला बढ़ई पारा रायपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा व मंडल प्रभारी अर्चना शुक्ला उपस्थित थी । साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संदीप जघेल द्वारा की गई। मंच का संचालन महामंत्री रमेश शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर द्वारा आज उपस्थित सभी संगठन के प्रमुखों,कार्यकर्ताओं,एवं आम नागरिकों से विकसित भारत 2047 संकल्प पत्र के माध्यम से सभी को शपथ भी दिलवाई उपस्थित सभी भाजपा जिले एवं मंडल के सदस्यों द्वारा मुख्यवक्ता,कार्यक्रम प्रभारी,विशेष अतिथि गणों का पुष्प हार एवं भगवा गमछा पहना कर सम्मान किया गया। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता रमेश ठाकुर ने भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल मे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है।

शाला प्रवेशोत्सव



**भाटापारा, 17 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहा में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस 16 जून को नए प्रवेशी छात्र-छात्राओ को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर नि:शुल्क गणवेश वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रामजी निषाद जनपद सदस्य, संतोष साहू सरपंच प्रतिनिधि, ब्रम्हनांद साहू उप सरपंच, आत्माराम साहू, पंच, डोगेन्द्र शर्मा अध्यक्ष्य शाला प्रबंधन समिति, कन्हैया लाल पैकरा संकुल प्राचार्य, सनत पाठकर संकुल समन्वयक सुरेश डांडेकर प्रधानपाठक, ओमप्रकाश साहू प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिका वं पंचगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 15 अक्टूबर तक रेत खदान का संचालन प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार, 17 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस अवधि में किसी भी रेत खदान से निकासी करते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर दीपक सोनी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार किसी भी रेत खदान से अवैध रेत उत्खनन करते पाए जाने पर जिला टास्क फ़ोर्स के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही राजस्व, पुलिस, वन एवं परिवहन विभाग की ओर से अपने -अपने स्तर पर रेत खदानों में अवैध उत्खनन, भण्डारण, परिवहन की सूचनाओ तथा सम्पर्क केंद्र के माध्यम से प्राप्त सूचनाओ पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। रेत के अवैध उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराए जाने के निर्देश दिये गए हैं।

### संविदा भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 18 जून से

**बलौदाबाजार, 17 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित 16 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रिक्त 88 पदों पर संविदा भर्ती हेतु दावा-आपत्ति पश्चात् प्रावधिक मेरिट सूची में पात्र अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन 18 जून को प्रातः 10.30 बजे से शुरु होगा। 18 जून को व्याख्याता संवर्ग एवं प्रधानपाठक माध्यमिक शाला, 19 जून को शिक्षक संवर्ग, कम्प्युटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल एवं 20 जून सहायक शिक्षक संवर्ग, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला एवं प्रयोगशाला सहायक शामिल है। अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि को पं. चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर बलौदाबाजार में अपनी सभी शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता के दस्तावेज सत्यापन हेतु अपनी उपस्थिति देना होगा।मूल दस्तावेज के साथ समस्त दस्तावेजों का एक सेट छायाप्रति स्व हस्ताक्षरित साथ लेकर उपस्थित होना होगा।

### ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**सरगुजा, 17 अप्रैल।** सरगुजा जिले में नेशनल हाईवे 343 पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत टर्निंग प्वाइंट ढाबा के पास हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, एलपीजी गैस सिलेंडर से लदा ट्रक एक बाइक को टक्कर मारते हुए उसके नीचे चढ़ गया। दुर्घटना में बाइक सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। फ़िलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक की पहचान व जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया जारी है।




धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान : केरेगांव संतृप्तिकरण शिविर में दिल्ली से पहुंचे ट्राईफेड के एमडी कुमार

# ग्रामीणों से ली योजनाओं जानकारी, वनोपज आधारित व्यवसाय बढ़ाने पर दिया जोर

■ धरती आबा अभियान से सौ फीसद हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश





**धमतरी, 16 जून।** भारत सरकार के ट्रायबल कोपरेटिव मार्केटिंग डेव्हलपमेंट फेडरेशन ऑफइंडिया (ट्राईफेड) के प्रबंध संचालक हृदयेश कुमार आज सुबह नगरी विकासखण्ड के केरेगांव पहुंचे। कुमार केरेगांव में आयोजित धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के संतृप्तिकरण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने शिविर में उपस्थित जनजातीय समुदाय के लोगों और हितग्राहियों से आत्मिक चर्चा की। कुमार ने शिविर में मौजूद लोगों से उनके गांवों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। लोगों से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, रोजगार, पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य आदि सुविधाओं के बारे में पूछा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की मौजूदगी में ट्राईफेड के प्रबंध संचालक ने शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। पूरे भ्रमण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने उन्हें जिले में जनजातीय विकास और नगरी-मगरलोड क्षेत्र में जनजातीय समुदाय के लिए मौजूद रोजगार के संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केरेगांव शिविर में पहुंचने पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने हृदयेश कुमार का स्वागत बांस के बने फूलों से किया। मांदर की थाप पर स्थानीय लोगों और बच्चों ने रंगबिरंगी पोशाक में नाच-गाकर प्रभारी अधिकारी का स्वागत किया। हृदयेश कुमार ने शिविर स्थल पर सेल्फी पॉइंट में फोटो भी खिंचवाई और नर्तक दल के सदस्यों से आत्मीय मुलाकात भी की। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विमल साहू सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर में हृदयेश कुमार ने स्थानीय वैद्यों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

### पशुपालन से जनजातीय क्षेत्रों में स्वरोजगार बढ़ाने के कामों को मिले प्राथमिकता : कुमार

केरेगांव में संतृप्तिकरण शिविर में ट्राईफेड के प्रबंध संचालक ने नगरी क्षेत्र के युवा उद्यमियों से भी बातचीत की और क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने की योजनाओं के बारे में जाना। युवा उद्यमी सरजू नेताम ने अपने अनुभव साझा किए। शिविर में कुमार ने पशुपालन से जनजातीय समुदाय के विकास की कार्ययोजना पर भी बात की। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि जिले में मुर्गीपालन, गौपालन, सूकर पालन, मछलीपालन जैसे रोजगार देने वाले कामों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। जनजातीय बाहुल्य इलाकों में इसके लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लगभग एक हजार से अधिक हितग्राहियों के किसान क्रेडिट कार्ड भी बनवाए गए हैं। इसी के साथ इस क्षेत्र में व्यवसाय के लिए दो हजार से अधिक प्रकरण विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत तैयार कर वित्तीय सहायता के लिए बैंकों को भेजे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 200 जनजातीय हितग्राहियों के लिए मछलीपालन की पौने छह करोड़ रूपये की कार्ययोजना स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई है। इसमें तालाब निर्माण से लेकर केज कल्चर, लाईनर वर्क आदि के काम शामिल हैं।

### पीपराहीभर्री के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों और गर्भवती महिलाओं से मिले

धरती आबा अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी और ट्राईफेड के एमडी श्री हृदयेश कुमार ने आज नगरी विकासखण्ड के पीपराहीभर्री में बाला प्रोजेक्ट के तहत बने आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन किया और केन्द्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने श्री कुमार का ग्रामीण रीति-रिवाज से पैर धुलाकर और टोकरी की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। श्री कुमार ने इस आंगनबाड़ी केन्द्र की दीवारों में बने रंग-बिरंगे आकर्षक फलों, फूलों, सब्जियों, जानवरों के चित्र सहित गिनती, अक्षर आदि की तारीफकी और नौनिहाल बच्चों को प्राथमिक ज्ञान के लिए उपयोगी बताया। श्री कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्र में मूलभूत व्यवस्थाओं जैसे कमरे, बिजली, शौचालय, पोषक आहार बनाने की जगह आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस आंगनबाड़ी केन्द्र में खिड़कियों में लगी रैलिंगों में अंग्रेजी के एबीसीडी और वैदिक गणित की स्लेट की तर्ज पर रंग-बिरंगे छल्लों को बच्चों के लिए नया प्रयोग बताया। श्री कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्र की डिजाईन और व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव से इस केन्द्र के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली।

# खपरीडीह में मारपीट करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 जून।** परमेश्वर साहू निवासी ग्राम कुम्हारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह ड्राइविंग का काम करता है 12 जून को प्रातः 11:00 ग्राम खपरीडीह के गुडी चौक के पास पूर्व से उपस्थित आरोपियों द्वारा पुराने रंजिश की बात को लेकर प्रार्थी का रास्ता रोक कर अश्लील गाली-गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए गुडी चौक रंगमंच के खम्बा में बांधकर बेल्ट, डंडा एवं राड आदि से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाये हैं। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 136/2025 धारा 115(2), 127(2), 296, 3(5), 351(3) एवं जोडने धारा 109(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा घटना के संज्ञान में आते ही प्रार्थी के साथ गंभीर रूप से मारपीट करने वाले सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी गिधौरी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पूर्व रंजिश की बात को लेकर प्रार्थी को ग्राम खपरीडीह के गुड़ी चौक में बांधकर बेल्ट, डंडा, राड आदि से मारपीट करते हुए उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में शामिल सभी पांच आरोपियों को आज दिनांक 16.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में शामिल एक आरोपी फरार है, जिसकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

**आरोपियों के नाम**

- » दिलहरण कश्यप (26) ग्राम खपरीडीह थाना गिधौरी
- » यशवंत कुमार पटेल (29) ग्राम खपरीडीह थाना गिधौरी
- » केवल कुमार केवट (35) ग्राम खपरीडीह थाना गिधौरी
- » गया पटेल (43) ग्राम खपरीडीह थाना गिधौरी
- » दिग्विजय वैष्णव (30) ग्राम खपरीडीह थाना गिधौरी

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए हर क्षण कीमती होता है : भावना

## बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने यातायात मितान सम्मेलन का आयोजन किया

**धमतरी, 16 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आयोजित यातायात मितान सम्मेलन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं छ.ग. सीमेंट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन वेलफेयर के पदाधिकारियों तथा 55 यातायात मितान शामिल हुए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन वेलफेयर के पदाधिकारियों द्वारा यातायात सुरक्षा हेतु 100 नग हेलमेट यातायात पुलिस को प्रदान करने की घोषणा की गई।

पुलिस कम्युनिटी हाल बलौदाबाजार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, श्रीमती आकांक्षा जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार-भाटापारा, अशोक जैन नगर पालिका बलौदाबाजार अध्यक्ष, अंजय शुक्ला छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष, मलकीत सिंह कोषाध्यक्ष, गणेश जायसवाल संगठन मंत्री, संरक्षक सुधीर अग्रवाल एवं श्रीमती लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक की उपस्थिति में यातायात मितानों का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में कुल 55 की संख्या में यातायात मितान शामिल हुए। सड़क दुर्घटनाओं में हर संभव सहायता करने वाले एवं घायलों के उपचार एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अपनी अमूल्य सहभागिता देने वाले लोगों को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात मितान बनाया गया है।



बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति के लिए एक-एक क्षण बहुत कीमती होता है एवं घटनास्थल में सबसे पहले पहुंचने वाला व्यक्ति उस घटना के आसपास या उस ग्राम में रहने वाला व्यक्ति होता है इसलिए आप कुछ चुनिंदा एवं विशेष व्यक्तियों को यातायात मितान बनाया गया है। आप सभी यातायात मितान पूरी तत्परता के साथ सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की मदद करते हैं। घटनास्थल पर जल्द पहुंचने एवं किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने से यदि उसकी जान बच जाती है तो यह बहुत बड़ा परोपकारी कार्य होता है। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन (छ्ष्टज्ञ्ड्ड) संस्था द्वारा सम्मेलन कार्यक्रम में 75 नग यातायात मितान टी-शर्ट एवं रेडियम जैकेट प्रदान किया गया। साथ ही उक्त संस्था द्वारा यातायात पुलिस को भविष्य में 100 नग हेलमेट भी प्रदान करने की घोषणा किया गया है।

# अवैध शराब बेच रहा कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,17 अप्रैल।** जिले की चौकी बया पुलिस ने समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है तथा उसके पासे से 15 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी बया पुलिस टीम द्वारा ग्राम सैयाभाटा में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी नरोत्तम रात्रे उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम सैयाभाटा चौकी बया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 15 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

## कलेक्टर ने खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की

# मांग अनुसार समितियों में प्राथमिकता से कराएं खाद-बीज का भंडारण : सोनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि,सहकारिता एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद - बीज़ की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने मांग के अनुसार सहकारी समितियों में प्राथमिकता के आधार पर खाद व बीज़ का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि जिन समितियो मे अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर खाद - बीज़ का भण्डारण पहले कराएं और किसानों को जरूरत के अनुसार वितरण करें। उन्होंने कहा कि डीएपी व एनपीके उर्वरक के वैकल्पिक उपयोग के बारे में किसानों को जागरूक करें। इसके लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गांव एवं समितियों में किसानों की बैठक लेकिन जानकारी दें। उन्होंने जिले के लिए करीब 300 मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक की रेक लगने की जानकारी पर ज्यादा मांग वाले समितियों में भण्डारण कराने तथा सभी समितियों में अलग - अलग उर्वरक भण्डारण हेतु लक्ष्य निर्धारण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बीज भण्डारण व वितरण की समीक्षा करते हुए स्वर्णा व महामाया धान की पर्याप्त भण्डारण कराने के निर्देश दिये।




## नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती मनीषा खाण्डे पति श्री मनमोहन खाण्डे उम्र 38 वर्ष जाति सतनामी (अ.जा.) ग्राम-अरईबंद, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी हूं।

मैं विवाह के पूर्व कुमारी मनीषा टंडन पिता श्री गणेशराम टंडन के नाम से जानी पहचानी जाती थी एवं यही नाम विवाह पूर्व सारी अंक सूचियों-प्रमाण पत्रों में दर्ज है।

मेरा विवाह दिनांक 17/4/2012 को श्री मनमोहन खाण्डे के साथ हो गया है, इसलिये विवाह के पश्चात् मैं कुमारी मनीषा टंडन के स्थान पर श्रीमती मनीषा खाण्डे पति श्री मनमोहन खाण्डे हो गई हूं एवं अब मैं इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं अब मैं श्रीमती मनीषा खाण्डे हो गई हूं एवं पति के साथ निवास कर रही हूं।

यह शपथपत्र विभिन्न स्थानों पर मेरा नाम कुमारी मनीषा टंडन के स्थान पर श्रीमती मनीषा खाण्डे एवं उपजाति दर्ज कराने एवं कुमारी मनीषा टंडन एवं श्रीमती मनीषा खाण्डे दोनों नाम एक ही महिला के नाम अर्थात् शपथकर्ती के नाम हैं, दर्शित करने हेतु शपथपत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मनीषा खाण्डे**
**शपथकर्ता**



## कार्यालय कलेक्टर, बस्तर जिला जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा)
## रूचि की अभिव्यक्ति

जिला खनिज न्यास संस्थान (DMFT) मद अंतर्गत संचालित होने वाले फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अनुभवी एवं योग्य तृतीय पक्ष एजेंसी से मुद्रित व मोहरबंद निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

| विशिष्टियां | अनुमानित लागत (लाख में) | प्रतिभुति जमा राशि (हजार में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|
| फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम | 25,00,000 | 75,000 | 5 माह |

**पात्रता मानदण्डः-**

1. फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी लघु प्रशिक्षण में न्यूनतम पांच वर्षो का अनुभव।
2. पिछले तीन वर्ष में औसत न्यूनतम 20 लाख का वार्षिक टर्नऑवर।
3. प्रशिक्षित प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 100
4. संस्था का विधिवत पंजीकरण (NGO/pvt.ltd./trust आदि) होना आवश्यक है।
5. GST पंजीकरण होना आवश्यक

विस्तृत विवरण नियम एवं शर्तें जिला प्रशासन बस्तर की अधिकारिक वेबसाइट www.bastar.gov.in पर भी उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र 2000/-रुपये की अप्रतिदेय (non-refundable) नगद राशि भुगतान कर सहायक आयुक्त, कार्यालय आदिवासी विकास विभाग से दिनांक 16.06.2025 से दिनांक 30.06.2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2025 शाम 05:00 बजे तक होगी। स्पीड पोस्ट/डाक के माध्यम से प्राप्त निविदा प्रपत्रों को ही मान्य किया जाएगा। निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 23.07.2025 शाम 04:00 बजे निर्धारित की गई है। चयन दो प्रस्ताव प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

टीपः- विभाग द्वारा सभी दस्तावेजों की पुष्टि उपरांत ही एजेंसी का चयन किया जायेगा। रूचि की अभिव्यक्ति मे किसी भी संशोधन एवं निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कलेक्टर जिला बस्तर के पास सुरक्षित है।

जी- 252601556/3

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास जगदलपुर**



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 10.06.2025

### (ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर स ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 30.06.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 77/दुर्ग (बेमे.)/2025 | जिला बेमेतरा के कांपा मुख्य मार्ग से चक्रवाय मार्ग लं.1.05 कि.मी. का निर्माण कार्य | 109.13 |
| 78/दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत विश्राम गृह डौण्डी में अहाता का निर्माण कार्य | 18.01 |
| 79/दुर्ग (राज.)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई कार्य | 25.00 |
| 80/दुर्ग (राज.)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत मार्गो एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य | 39.20 |
| 81/दुर्ग (राज.)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत कार्य | 45.00 |
| 82/दुर्ग (राज.)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत मार्गो एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य | 40.00 |
| 83/दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत रंगकठेरा में कंवर पैकरा समाज का भवन का निर्माण कार्य | 46.06 |
| 84/दुर्ग (मो.-मान-अ. चौकी)/2025 | सर्किट हाउस मोहला पहुंच मार्ग में आर.सी.सी. 6.00 मी. स्पान स्लैब कल्वर्ट का निर्माण कार्य | 40.22 |
| 85/दुर्ग (बेमे.)/2025 | साजा उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई कार्य | 15.00 |
| 86/दुर्ग (बेमे.)/2025 | बेमेतरा संभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य | 16.40 |

**टीप**

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब Portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी252601577/10

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**
**दूरभाष-0788-2210876**

## एक नजर

### सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 17 जून।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित हजारों रुपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया लता शर्मा 54 वर्ष सेक्टर 3 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित कागजात पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कपिल शर्मा बनाए गए महामंत्री



**रायपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें कार्यकारी महामंत्री श्री कपिल दोशी के पद पर मनोनयन किया है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 17 जून।** आरंग और नेवरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 140 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने ग्राम गुल्लु में दबिश देकर मोटरसाइकिल से अवैध शराब तस्करी करते आरोपी मुकेश कुमार जांगड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 60 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने ग्राम भूमिया राइस मिल के पास से आरोपी अजय पारधी 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 80 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू लहराते दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर, 17 जून।** राजधानी रायपुर की खमतराई पुलिस ने चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से धारदार चाकू बरामद किया है। धारदार चाकू के साथ आरोपी सुभाष मानिकपुरी, लाला देवार गिरफ्तार। मिली जानकारी के अनुसार थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गंगा नगर भनपुरी तालाब के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा गंगा नगर भनपुरी तालाब पहुंचकर आरोपी सुभाष मानिकपुरी उर्फबाबू पिता खेमूदास मानिकपुरी उम्र 19 वर्ष निवासी नीम डबरी नहरपारा खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरटीओ कार्यालय के पीछे आम रास्ते में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा आरटीओ कार्यालय के पीछे पहुंचकर आरोपी लाला देवार पिता गोवर्धन देवार उम्र 23 वर्ष निवासी बंजारी नगर देवार पारा रावांभाठा थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### ईग्नू में प्रवेश के लिए ऑनलाइन नामांकन 15 जुलाई तक

**रायपुर, 17 जून।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, (इग्नू) नई दिल्ली द्वारा जुलाई 2025 के लिए ऑनलाइन मोड में प्रवेश हेतु नामांकन बिना विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 है। नामांकन के लिए स्नातक-स्नातकोत्तर व पी.जी. डिप्लोमा सर्टिफिकेट कार्यक्रम एवं अवेयरनेस प्रोग्राम भी उपलब्ध है जिसके लिए निर्देशन वेबसाईट पर उपलब्ध है। इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केन्द्र में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अध्ययन केन्द्र-1509 शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर से सम्पर्क कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को मुद्रित सामाग्री न लेने पर कार्यक्रम शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट दी गई है जो ऑनलाईन सामग्री के आधार पर पढ़ाई कर सकेंगे।

### डस्टबिन नहीं मिलने पर 16 दुकानों से 21400 रुपये जुर्माना वसूला

**रायपुर,17 अप्रैल।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त (स्वास्थ्य) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों की सहायता से जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन 2 क्षेत्र के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और 16 दुकानों में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक, गन्दगी मिलने,दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने पर कुल 21400 रूपये सम्बंधित दुकान संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूलने की कार्यवाही की और इस सम्बन्ध में रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त पॉलीथिन, गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

### रील में स्वच्छता का फील-जिंगल रील प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर,17 अप्रैल।** विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर नगर निगम द्वारा 'रील में स्वच्छता का फील' जिंगल रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। साथ ही नेशनल कैमरा डे के उपलक्ष्य में 'स्वच्छ एवं सुंदर रायपुर' थीम पर 'स्वच्छता स्नैपशॉट' फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। स्पर्धा में नागरिक रायपुर की स्वच्छता एवं सुंदरता से जुड़ी जिंगल रील का वीडियो गूगल फॉर्म लिंक https://bit.l4/4kGrOGS पर 23 जून तक भेज सकेंगे। श्रेष्ठ वीडियो को स्वच्छ भारत मिशन के सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाएगा। साथ ही विजेताओं को निगम द्वारा ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में नागरिक रायपुर की स्वच्छता एवं सुंदरता से जुड़े फोटो गूगल फॉर्म लिंक पर 25 जून तक भेज सकेंगे।

# अगले महीने लगेगा घरेलू-कृषि बिजली बिल का करंट

**बढ़ेगा टैरिफ : 19 एवं 20 जून को कृषि, घरेलू, उच्च दाब एवं उद्योगों के नए टैरिफ दरों के लिए होगी जनसुनवाई**

- आयोग ने सुनवाई के लिए जारी की समय सारिणी
- नए टैरिफ को लेकर लोगों में बढ़ रहा है रोष

**रायपुर,17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल ने बढ़ते ईंधन एवं विद्युत लाईनों में बढ़ते खर्च को देखते हुए विद्युत दरों (टैरिफ) बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से नया टैरिफ निर्धारण करने आवेदन दिया है, जिस पर 19 एवं 20 जून से सुनवाई प्रारंभ होगी। सरकार द्वारा कृषि संबंधी कार्य, घरेलू, गैर घरेलू उच्च दाब एवं निम्न दाब उद्योगों के लिए जन सुनवाई की तिथि तय कर दी गई है।

जन सुनवाई में आपत्ति के बाद बिजली की नई दरों विद्युत उपभोक्ताओं में लागू की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के द्वारा बहुउद्देश्य टैरिफ सिद्धांतों के अनुसार टैरिफ एवं प्रभारों से राजस्व के अवधारण हेतु अपनाई जाने वली कार्य प्रणाली का प्रक्रिय 2021 के तहत राज्य की स्वामित्व वाली छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन (सीएसपीजीसीएल) एवं राज्य विद्युत पारेषण पर्यादित सीएसपीजीसीएल एवं छत्तीसगढ़ विद्युत संधारण (सीएसपीडीसीएल) द्वारा टू-अप एवं टैरिफ के निर्धारण हेतु आयोग के समक्ष याचिकाएं प्रस्तुत की गई है। इस पर अधियमन 2003 के धारा के अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2025-26 प्रभारी हेतु याचिका दायर की गई है। सचिव के अनुसार इसके लिए सारांश में प्रकाशन कर दिया गया है। उपरोक्त कंपनियों द्वारा टैरिफ जनरेशन, ट्रांसमिशन टैरिफ निर्धारण एवं सीएलडीसी प्रभारी निर्धारण किया जाएगा। वार्षिक राजस्व आवश्यकतानुसार 2025-26 हेतु खुरदरा रिटेल खरीदी टैरिफ निर्धारण किया जाएगा। इससे जनसुनवाई के पश्चात विद्युत की नई दरें उपभोक्ताओं को जारी कर दी जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को बिजली का झटका लगेगा।



**आयोग कार्यालय होगी जनसुनवाई**

सचिव द्वारा जन सुनवाई करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार 19 जून को सिंचाई कालौनी स्थित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय में दोपहर 12 बजे से एक बजे तक कृषि संबंधी कार्य दोपहर 2 बजे से लेकर 3.30 बजे तक घरेलू, दोपहर 3 से 5 बजे तक गैर घरेलू उपभोक्ता श्रेणी की लोगों की सुनवाई होगी। 20 जून को दोपहर 12 बजे से स्थानीय नगरीय निकाय के ट्रेड यूनियन एवं दोपहर 2.30 बजे निम्नदाब उद्योग, दोपहर 3.30 से समस्त उच्च ताप के उपभोक्ताओं की सुनवाई होगी। समस्त उद्योगपति एवं आम नागरिक इस पर अपनी आपत्ति जता सकते हैं।

**सीमेंट एवं सोलर पावर एसोसिएशन ने ट्रांसमिशन चार्ज के युक्तियुक्तरण के लिए दिया आवेदन**

सचिव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आयोग के समक्ष निम्नलिखित याचिकाओं पर भी सुनवाइ होगी , जिसमें सब सोलर पॉवर एसोसिएशन ने ट्रांसमिशन चार्ज की युक्तियुक्रण हेत आवेदन दिया है। वहीं सेंट्रल सीमेंट एसोशिएशन ने भी सीओडी से प्राप्त होने वाले सौर जनरेटरों पर टांसमिशन चार्ज। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने बढ़ते खर्चों को देखते पूंजीगत निवेश हेतु तथा नए टैरिफ ऑडर के पुननिरीक्षण के लिए याचिका लगाई है। सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार याचिकाकर्ताओं के द्वारा वेबसाइट www.cherc.gov.in की बेवसाइट पर प्रकाशन का दिनांक तक सुझाव एवं आपत्ति दे सकते हैं। इच्छुक पक्षकार समय सारिणी के अनुसार प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं। सचिव को अग्रिम सूचना देना अनिवार्य होगा तथा सचिव का निर्णय ही अंतिम होगा। आयोग की वेबसाईट www.cherc.gov.in के माध्यम से सुनवाई की तिथि की परिवर्तन की सूचना भी दी जाएगी।

## समाचार संक्षेप



जान्हवी कपूर का सेक्सी अवतार वायरल, बेड पर बैठ हॉट पोज देकर उड़ाए फैंस के होश।

# शराब दुकान का सुपरवाइजर 5 लाख रुपये लेकर फरार

## जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**रायपुर, 17 जून।** राजधानी के एक शराब दुकान का सुपरवाइजर करीब 5 लाख रुपए लेकर फरार बताया जा रहा है. ये खुलासा आबकारी विभाग के राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम द्वारा जांच के बाद हुआ है.

आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि शास्त्री मार्केट स्थित शराब दुकान की जांच सोमवार को की गई. जांच में खुलासा हुआ कि दुकान का सुपरवाइजर फरार है. इसके बाद आबकारी विभाग ने जब लेखा-जोखा किया तो पता चला कि करीब 6 लाख 30 हजार रुपए का हिसाब में झोल है.

इसके बाद पूछताछ में पता चला कि दुकान का सुपरवाइजर करीब 5 लाख रुपए लेकर फरार है. अब आबकारी विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले में कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है. हालांकि आधिकारिक रूप से अब तक इस मामले का खुलासा विभाग की तरफसे नहीं किया गया है।

### मप्र से तस्करी की गई 105 लीटर विदेशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 17 जून।** आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल श्याम धावडे, कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई। 15 जून को मुखबिर की सूचना पर हर्ष प्राइड दलदलसिवनी में एक मकान में जिला रायपुर के आबकारी दल द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी संजय दासवानी के आधिपत्य के किराए के घर से मध्यप्रदेश प्रान्त की 9 नग रेड लेबल व्हिस्की बोतल 9 नग हंड्रेड पाइपर व्हिस्की, 10 नग ब्लैक एंड वाइट ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की, 23 नग रॉयल स्टेग व्हिस्की, 4 नग रॉयल चौलेंज व्हिस्की 24 नग ब्लेंडर प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की , 90 नग किंगफिशर बियर केन, कुल 169 नग बोतल केन अवैध मदिरा मात्रा 104.25 बल्क लीटर मूल्य ? 159028/- जब्त की गई। आरोपी संजय दासवानी द्वारा अवैध मदिरा के कारोबार से भी जुड़ा होना पाया गया। अवैध मदिरा के इस कारोबार में अन्य कौन-कौन संदिग्ध शामिल हैं इसकी जांच करने के लिए आरोपी के मोबाइल फोन को जप्त किया गया है और पूछताछ की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत आबकारी उपनिरीक्षक कौशल सोनी द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है।

## रायपुर में गलत पर्चा बांटने के कारण पेपर रद्द

# दूसरे विषय का दे दिया प्रश्न पत्र एनएसयूआई करेगा विरोध प्रदर्शन

रायपुर, 17 जून। रायपुर के पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान सोमवार को स्टूडेंट्स को गलत पर्चा बांट दिया गया। जिसके चलते पेपर रद्द करना पड़ा। दरअसल, सोमवार को (जेम्स एंड जैमोलॉजी) छठवें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान दूसरे सब्जेक्ट और सेमेस्टर का प्रश्न पत्र दे दिया गया। हालांकि ये पेपर्स गलती समझ आते ही वापस ले लिए गए। जब छात्र शिकायत लेकर विभागीय कार्यालय पहुंचे, तो वहां ताले लटके हुए थे। बाद में जानकारी दी गई कि संबंधित प्रश्नपत्र तैयार ही नहीं हुए थे, इस कारण परीक्षा रद्द कर दी गई।



**पेपर्स के लिए घंटों इंतजार कर रहे छात्रः** इसके अलावा छात्रों को एक से डेढ़ घंटे लेट से पेपर दिया गया है। BALLB द्वितीय सेमेस्टर और क्रश्वस्त्र सेमेस्टर की परीक्षा में छात्रों को 1 से 1.30 घंटे की देरी से प्रश्न पत्र मिले। यही स्थिति फार्मेसी विभाग में रही। परीक्षा शुरू होने के बाद छात्रों को लंबे समय तक प्रश्न पत्र का इंतजार करना पड़ा। कला संकाय में बैठे रूक्र द्वितीय सेमेस्टर के स्टूडेंट्स भी परेशान होते रहे।

**बुद्धि प्राप्ति हवन कराएगी एनएसयूआईः** पूरे मामले के तूल पकड़ने के बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति ने आपातकाल मीटिंग बुलाई। मामले में कमेटी बनाई गई है, जो 2 दिनों के भीतर आगे क्या करना इस पर फैसला करेगी। इस बीच आज NSUI इस परीक्षा विभाग से हो रहे मिस मैनेजमेंट के विरोध में बुद्धि प्राप्ति हवन यूनिवर्सिटी में कराने जा रही है। छात्र नेता पूनेश्वर लहरे ने बताया हस्द्ध चार सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रदर्शन करेगी। परीक्षा संचालन में पारदर्शिता लाई जाए। समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो। छात्रों को दोबारा ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**सुबह 8 बजे से ली जानी है परीक्षा :** यूनिवर्सिटी ने परीक्षा का समय सुबह 8 बजे से तय कर रखा है। एग्जाम सेंटर सही वक्त पर पहुंच पाए, इसके लिए दूरदराज से आने वाले बच्चे सुबह 6 बजे ही घर से निकल जाते हैं। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन खुद के तय किए गए समय पर पेपर नहीं ले पा रहा है। शुक्रवार को भी परीक्षा विभाग की ओर से बड़ी लापरवाही देखने को मिली थी।

### श्रद्धांजलि



**रायपुर, 17 जून।** नहर पारा विकास समित के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के नेतृत्व में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत नागरिकों को मोमबती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, डॉ राधे श्याम अग्रवाल ,वेद प्रकाश मुंडेजा ,अमृत लाल पंजवानी, राजू खिलनानी ,मनीष टांक, मनोहर खुर्सीजा, प्रकाश नरवानी, वजीर मोटवानी, आदि उपस्थित थे।

### वेबसाइट अपडेट नहीं होने से करदाताओं को टैक्स पटाने में हो रही परेशानी

**रायपुर, 17 जून।** रायपुर नगर निगम में राजस्व विभाग की बेवसाइट अपडेट नहीं होने के कारण इन दिनों करदाताओं को बाजार विभाग से संबंधित कर एवं गोमास्ता लाइसेंस सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। पिछले दो माह से नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में कामकाज प्रभावित है। नगर निगम जोन कार्यालयों में स्थित ग्राहक सेवा केंद्रों में भी पदस्थ कर्मियों द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी करदाताओं को प्रदाय नहीं की जा रही है। इस संबंध में राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक एमआर धीवर एवं सहायक राजस्व निरीक्षक महेंद्र वर्मा से प्रतिनिधि द्वारा इस संबंध में अनेकोंबार पूछताछ की गई। दोनों अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि ऊपर से आदेश नहीं है इसके साथ केवल नगर निगम जोन कार्यालय 4 में नहीं अपितु किसी भी जोन कार्यालय में गोमास्ता लाइसेंस एवं अन्य कार्य नहीं हो रहे हैं। इस संबंध में प्रतिनिधि द्वारा पिछले दो माह में अपने संस्थान से संबंधित गोमास्ता लाइसेंस बनवाने के लिए कम से कम दस बाहर बार जोन कार्यालय में जाकर इन दोनों अधिकारियों से पूछताछ की गई किंतु हर बार अनिश्चित जवाब मिला है।

### नौकरी का झांसा देकर 5.38 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 17 जून।** आजाद चौक थाना क्षेत्र की एक महिला से नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाला आरोपी मुकेश कुमार साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने खुद को एस.ई.सी.एल. में क्लर्क पद पर पदस्थ बताकर महिला को झांसे में लिया और उसे नौकरी दिलाने का झूठा भरोसा दिलाया। यह मामला सितंबर 2024 का है, जब पीड़िता को ऑनलाइन विवाह प्रस्ताव के माध्यम से मुकेश से संपर्क हुआ और दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई।

बातचीत के दौरान आरोपी ने महिला को विश्वास में लेते हुए उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर कुल 5,38,000 रुपये अलग-अलग किश्तों में ले लिए। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया और महिला से संपर्क तोड़ दिया। पीड़िता की शिकायत पर थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 72/25, धारा 318(4) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपी के मोबाइल नंबर और बैंक खातों की जानकारी जुटाई। गहन अनुसंधान और सतत प्रयासों के बाद आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार साहू के कब्जे से 25,000 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक प्रक्रिया में शामिल किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में एक बार फिर यह संदेश गया है कि ठगी जैसे अपराधों को बख्शा नहीं जाएगा।

### अवंति विहार कॉलोनी के मुख्य मार्ग में अब नहीं होगा जलभराव

**रायपुर, 17 जून।** रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत अवन्ति विहार कॉलोनी मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या दूर करने विगत लगभग 1 माह से यातायात डायवर्ट कर निर्मित की जा रही बहुप्रतीक्षित नई और सुगम निकास हेतु चौड़ी की गयी पुलिया का कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात उसको पार करने रिक्शे पर सवार होकर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नई पुलिया पर आवागमन का शुभारम्भ नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, पार्षद प्रदीप वर्मा, राजेश गुप्ता, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास सहित गणमान्यजनों, वार्डवासियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति में किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षदों, आमजनों सहित श्रीफल फोड़कर नवनिर्मित चौड़ी पुलिया का उद्घाटन कर उस पर पुनः आवागमन प्रारम्भ किया। उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नई और चौड़ी पुलिया का निर्माण कर क्षेत्र में छोटी और संकरी पुलिया के कारण हर वर्ष बारिश में मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में होने वाली जलभराव की जनसमस्या को दूर करने का कार्य करने हेतु रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप, पार्षदगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों को सराहते हुए हार्दिक धन्यवाद दिया। उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नागरिकों, विशेषकर वहाँ के रहवासियों को नई चौड़ी पुलिया पर आवागमन का शुभारम्भ होने पर हार्दिक बधाई दी।

### शहर के होटलों में खाना हुआ महंगा, दाल भात सेंटर से लोगों को मिलती थी राहत

**रायपुर, 17 जून।** राजधानी रायपुर में इन दिनों होटलों में खाना काफी महंगा हो गया है जिसकी वजह से राजधानी में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विभिन्न प्रकार के कामकाजी इन दिनों काफी परेशान है।

ज्ञातव्य है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने 15 साल के कार्यकाल में जिला कलेक्ट्रेट सहित शहर के अनेक स्थलों में 5 रुपये में दाल चावल दाल भात सेंटरों के माध्यम से लोगों को उपलब्ध करा उनके भोजन की व्यवस्था की थी। रायपुर में अब दाल भात सेंटर बंद हो चुके है। जिसकी वजह से जरूरतमंदों को महंगी दरों पर पैसा देकर खाना खाना पड़ रहा है। रायपुर शहर में अगर ठेलों में मिलने वाले भोजन की बात करे तो भी



कम से कम साठ रुपये से 70 रुपये तक खाने के लिए लोगों को खर्च करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश रहवासी मध्य वर्गीय परिवार का नेतृत्व करते हैं। लोकप्रिय राजनेता एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रदेश के ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह की तर्ज पर जिला कार्यालयों सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर पांच रुपये में दालभात सेंटरों के माध्यम से उपलब्ध कराने की मांग की है।

**जुर्माना के नाम पर नगर निगम कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप**

# यातायात सुगम बनाने गरीब ऑटो चालकों को जयस्तम्भ, शारदा चौक से खदेड़ा जा रहा

**रायपुर, 17 जून** नगर निगम रायपुर के विभिन्न जोन में इस समय वर्षा पूर्व अवैध कब्जा हटाओं अभियान टीम प्रहरी द्वारा किया जा रहा है। तेलघानी नाका से लेकर तेलघानी नाका तक ठेला, खोमचा वालों का हटाया जा रह है। अवैध पाटों को तोड़ने तथा ठेला चालकों से जुर्माना के नाम पर अवैध वसूली की भी शिकायतें आई है। इधर राजधानी में यातायात सुगम बनाने के लिए पहले शास्त्रीय चौक में ऑटो की आवाजाही रोक दी गई अब जयस्तम्भ चौक और शारदा चौक में भी ऑटोवालों को



खदेड़ा जा रहा है। जिससे नागरिकों को स्टेशन, कोतवाली चौक एवं आजाद चौक की ओर जाने में परेशानी हो रही है। नगर निगम के जोन क्रमांक 5 के द्वारा आमापारा से लेकर साइंस कॉलेज तक फलवालों, आइसक्रीम गोला वालों तथा रोज कमाने खाने वाले गरीब सब्जी वालों को तंग किया जा रहा है। आश्रम के सामने नीबू, खीरा तथा खरबूज एवं पपीता बेचने वालों को भी यातायात सुगम बनाने के लिए तंग किया जा रहा है। ड्राइफूट वालों तथा ई-रिक्शा वालों को मालवीय रोड के मेन पोस्ट ऑफिस के सामने खड़े होने के लिए कहा जाता है। वहीं जयस्तम्भ चौक से शारदा चौक के बीच ऑटो वालों को भी खदेड़ा जा रहा है। गरीब ऑटो चालक परेशान हो रहे हैं। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार गन्दगी सम्बंधित जन शिकायत मिलने पर उसे तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए निर्देश पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही और जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव की उपस्थिति में नगर निगम जोन 4 नगर निवेश और स्वास्थ्य विभाग, निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता और निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के अंतर्गत जी.ई. मार्ग में राज टाकीज के पास मटन दुकानों की स्वच्छता व्यवस्था का वस्तुस्थिति की जानकारी लेने आकस्मिक निरीक्षण किया।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे,* प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26